# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार 13 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 27 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




गिरिडीह में जमीन विवाद और जादू-टोना के शक में दंपति की हत्या में शामिल सात आरोपित गिरफ्तार






## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो से लापता नाबालिग पुरी से सकुशल बरामद

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** बोकारो पुलिस ने बालीडीह थाना क्षेत्र से लापता हुए एक नाबालिग को ओडिशा के पुरी से सकुशल बरामद कर लिया है। लगभग एक सप्ताह तक चले सघन तलाशी अभियान के बाद पुलिस को यह सफलता मिली। नाबालिग के सुरक्षित मिलने से उसके परिजनों ने राहत की सांस ली है। मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने शनिवार को बताया कि बालीडीह थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह गांव निवासी प्रतीक नामक नाबालिग 6 जून को अपने घर से अचानक चला गया था और वापस नहीं लौटा। इसके बाद उसकी मां के बयान पर बालीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### लापता महिला का कंकाल बरामद

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पांडू थाना क्षेत्र में लकड़ी चुनने गई एक महिला का 15 दिनों के बाद कंकाल बरामद हुआ है। महिला की पहचान पांडु थाना क्षेत्र के भटवलिया के रहने वाले सुनीता देवी के रूप में हुई है। सुनीता देवी 29 मई से लापता थी। सुनिता देवी के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोहबंधा माहूर के इलाके में लकड़ी चुनने के लिए जाती थी। शुक्रवार को कुछ लोग मवेशी चराने के लिए गए थे। इसी दौरान लोगों ने एक महिला का शव पड़ा हुआ देखा। इसकी जानकारी मिलने के बाद पांडू थाना की पुलिस एवं परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने कपड़े के आधार पर महिला की पहचान किया है। बिश्रामपुर के एसडीपीओ चिरंजीवी कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### लापता छात्रा का शव जंगल में मिला

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत पांड्रासाली ओपी क्षेत्र में 18 वर्षीय छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान गिंदीमुंडी गांव निवासी आशा माई तीयू के रूप में हुई है जो चाईबासा स्थित नगरपालिका बांग्ला मध्य विद्यालय की छात्रा थी। वह बुधवार से लापता थी। जानकारी के अनुसार आशा माई तीयू का शव शुक्रवार सुबह उसके गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर कुंभराम गांव के पास पुण्डुगुटु जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पांड्रासाली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह 6 जुलाई को

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के उद्देश्य से पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन द्वारा 6 जुलाई को राजधानी रांची में ग्रैंड स्टूडेंट टैलेंट फ़ेलिसिटेशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यभर के लगभग 20 हजार से अधिक मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में सीबीएसई, ख्इए और आईसीएसई बोर्ड के ऐसे छात्र भाग ले सकेंगे जिन्होंने 10वीं अथवा 12वीं की परीक्षा में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह होंगी।

# झारखंड के सभी प्रमंडलों में खुलेंगे शिबू सोरेन कृषि प्रशिक्षण केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद अधिनियम-2022 के तहत नवगठित निदेशक मंडल की पहली स्वागत बैठक शुक्रवार को परिषद सभागार में आयोजित की गई। परिषद के अध्यक्ष रवींद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में राज्य की बाजार समितियों को सशक्त बनाने और किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से कई दूरगामी और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में कृषि विपणन के ढांचे को पूरी तरह बदलने पर सहमति बनी, जिससे आने वाले दिनों में किसानों और व्यापारियों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में लिए गए फैसलों के अनुसार, डोरंडा बाजार और कोडरमा बाजार समिति में आधुनिक सुविधाओं से लैस बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही राज्य की सभी बाजार समितियों को 'मॉडल बाजार' के रूप में विकसित करने का बड़ा फैसला लिया गया है। इस कायाकल्प योजना के तहत जर्जर हो चुकी दुकानों और गोदामों की मरम्मत होगी जबकि खाली पड़ी जमीनों पर 'जी 2' (दो मंजिला) नई दुकानों का निर्माण किया जाएगा। बाजारों को सर्वसुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों का सुदृढ़ीकरण, आधुनिक शौचालय, प्रशासनिक भवन और मुख्य प्रवेश द्वारों का निर्माण कराया जाएगा। इन सभी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने और गति देने के लिए नाबार्ड से ऋण (लोन) लेने पर भी सर्वसम्मति बनी। किसानों को आधुनिक खेती की बारीकियों से रूबरू कराने के लिए परिषद ने राज्य के सभी पांच प्रमंडलों में दिवंगत गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में 'आधुनिक कृषि प्रशिक्षण केंद्र' स्थापित करने का एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को नई तकनीक और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार की 'ई-नाम' योजना के तहत बाजार समितियों को मजबूत करने, अधिक से अधिक किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण कराने और उन्हें डिजिटल कृषि व्यापार से जोड़ने के लिए विशेष प्रशिक्षण देने की रूपरेखा भी तैयार की गई है। डिजिटल इंडिया की दिशा में कदम बढ़ाते हुए परिषद और बाजार समितियों की सभी संपत्तियों, दुकानों, गोदामों और सेफ्टी शॉप के पूरे डेटा का डिजिटलीकरणकरने का भी फैसला लिया गया है जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। इसके अलावा 'ई-नाम' पोर्टल के माध्यम से बेहतर व्यापार करने वाले किसान उत्पादक संगठनों और प्रगतिशील किसानों को समिति स्तर पर सम्मानित किया जाएगा ताकि दूसरों को भी प्रेरणा मिले।

## वित्त मंत्री ने की छापेमारी, चार हाइवा और एक पोकलेन जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। वित्त मंत्री ने अवैध खनन में शामिल चार हाइवा और एक पोकलेन को जब्त किया है। कार्रवाई के बाद वित्त मंत्री ने पुलिस एवं खनन विभाग को तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। दरअसल वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि छतरपुर के इलाके में अवैध रूप से मोरम का खनन हो रहा है। खनन करने वाले बिहार के माफिया हैं। वे अपनी ताकत के बल पर मोरम का बिहार के इलाके में तस्करी कर रहे हैं। इस सूचना के आलोक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने छतरपुर के देवगन के इलाके में छापेमारी की। जैसे ही वित्त मंत्री का काफिला देवगन के इलाके में पहुंचा, खनन माफिया मौके से भाग गए जबकि मौके से चार हाइवा और एक पोकलेन को पकड़ा गया। सभी गाड़ियां अवैध रूप से मोरम के खनन में लगी हुई थी। मोरम को बिहार के इलाके में भेजा जा रहा था। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि कुछ दिनों पहले उदयगढ़ के इलाके में बिहार के लोग 40-50 गाड़ियों के साथ मोरम का उत्खनन कर तस्करी कर रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उन्हें दी थी। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्होंने इलाके में कार्रवाई की है। मौके से चार हाईवा और एक पोकलेन को पकड़ा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह देखा जाएगा कि खनन विभाग क्या रहा है? इस संबंध में एसपी, आईजी से भी बातचीत की जाएगी और सीमावर्ती इलाके में कार्रवाई और चौकसी के लिए कदम उठाए जाएंगे। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि खनन करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। खनन कार्य में शामिल लोगों के खिलाफ भारी जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इलाके में पहले भी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। हाल के दिनों में मोरम के उठाव को लेकर सूचना नहीं आ रही थी, विभाग सख्त है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अनियंत्रित वाहन ने कार और बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत, 10 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले में दो गाड़ियों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार देर रात राजगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर जीटी रोड पर घटी जहां एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने पहले एक कार को टक्कर मारी और फिर भागने के दौरान एक बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो समेत दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक महेशपुर जीटी रोड पर देर रात गया से शादी समारोह से लौट रहा एक स्कॉर्पियो वाहन तोपचांची-राजगंज स्थित महेशपुर पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर एक कार से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को धनबाद भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर मौके से भागने लगा। इसी दौरान बरवाअड्डा क्षेत्र में उसने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दो लोग सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में भूली निवासी इरशाद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सरफू अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने स्कॉर्पियो, कार और बाइक को जब्त कर लिया है तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 1,018 चयनित अभ्यर्थियों को 29 जून को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 29 जून को 1,018 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम रांची के प्रोजेक्ट भवन सभागार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित किया जाएगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थी राज्य के प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 5) और मध्य विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में सहायक आचार्य के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। चयनित अभ्यर्थियों की जिला स्तर पर काउंसलिंग प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। राज्य सरकार का मानना है कि इस नियुक्ति से एक ओर युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी भी काफी हद तक दूर होगी। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। राज्य में चल रहे शिक्षक नियुक्ति अभियान के तहत अब तक 10 हजार से अधिक सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। शिक्षा विभाग की ओर से कुल 26,001 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया संचालित की जा रही है जिनमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की अनुशंसा पहले ही प्राप्त हो चुकी है। हालांकि अभी भी कुछ पद खाली हैं जिन्हें भरने की प्रक्रिया लगातार जारी है। सरकार का कहना है कि आने वाले समय में भी नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा ताकि राज्य के सभी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के स्तर को मजबूत बनाना है। पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लक्ष्य को गति मिलेगी।

## जमीन विवाद में छोटे ने कर दी बड़े भाई की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अत्यंत सुदूरवर्ती गांव पोतमाडीह गांव में जमीन विवाद के एक मामले में छोटे भाई पोलीकार्प बेक ने अपने बड़े भाई कामिल बेक की हत्या टांगी से मारकर कर दी। वहीं अपनी भाभी और भतीजा को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद आरोपी फरार है। दरअसल महुआडांड़ थाना क्षेत्र के पोटकाडीह के रहने वाले दो भाई पॉलीकार्प बेक और कामिल बेक के बीच पिछले कुछ दिनों से जमीन का विवाद चल रहा था। इसी मामले को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और झगड़ा होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पोलीकार्प ने टांगी से अपने बड़े भाई पर हमला कर दिया जिससे बड़ा भाई कामिल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। कामिल को बचाने के लिए आए उनकी पत्नी और उनके बेटे पर भी पॉलीकार्प ने टांगी से हमला कर उन दोनों को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद घायल महिला और उनका बेटा जोर-जोर से आवाज लगाकर मदद की गुहार लगाने लगे। झगड़े की आवाज सुनकर जब आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो ग्रामीणों को देखकर आरोपी छोटा भाई वहां से फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने तीनों घायलों को महुआडांड़ अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद कामिल बेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला और उनके बेटे को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी भूमि विवाद से संबंधित ही लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की पुलिस छानबीन भी कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक घटना गोवंश लदे पिकअप वाहन के पलटने से हुई जबकि दूसरी घटना में एक व्यक्ति की छत से गिरकर जान चली गई। पहली घटना कांसीर कोयनार टोली के पास हुई जहां तस्करी के लिए ले जाया जा रहा गोवंश से भरा एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में टांगर टोली, छत्तीसगढ़ के जशपुर निवासी 36 वर्षीय सुभान साह की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार रात चैनपुर की ओर से आ रहा पिकअप वाहन अत्यधिक तेज रफ्तार में था। कोयनार टोली के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे वह सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर दो बार पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में सुभान साह और गाड़ी पर क्रूरतापूर्वक लादे गए तीन पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र राम तुरंत दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृत व घायल पशुओं को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। दूसरी घटना एकलव्य आवासीय विद्यालय सिलम में हुई। यहां तीन मंजिला भवन में काम करने के दौरान दुमका जिले के जशपहाड़ी निवासी 38 वर्षीय मनोज देहरी छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

## मानसून से पहले व्यापक सफाई अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 15 जून के बाद मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। इससे पहले रांची नगर निगम ने शहर में जलभराव और नालों में पानी रुकने की समस्या से निपटने के लिए व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम ने शहर के सभी प्रमुख और छोटे नालों की सफाई को प्राथमिकता दी है। नालों से गाद निकालकर उनकी जल वहन क्षमता बढ़ाई जा रही है ताकि भारी बारिश के दौरान पानी का बहाव बाधित न हो और जलजमाव की स्थिति न बने। कोकर चौक, सफायर अस्पताल के आसपास का क्षेत्र, महावीर नगर, खोरहाटोली और बांधगाड़ी जैसे संवेदनशील इलाकों में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। नालों के किनारे उगी झाड़ियों और घास की भी नियमित सफाई की जा रही है। नगर निगम की सबसे बड़ी चिंता नालों पर हो रहा अतिक्रमण है। कई जगहों पर अवैध निर्माण और कब्जे के कारण जल निकासी बाधित हो रही है। इसे देखते हुए ड्रोन मैपिंग और जमीनी सर्वे के जरिए अतिक्रमण चिन्हित करने का अभियान शुरू किया गया है। चिन्हित अतिक्रमणों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और बड़े नालों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाने पर जोर दिया जाएगा। नालियों को जाम करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की तैयारी है। नगर आयुक्त सुशांत गौरव के अनुसार पिछले वर्षों में जहां-जहां जलजमाव और नाला ओवरफ्लो की समस्या हुई थी, उन सभी स्थानों की समीक्षा कर विशेष रणनीति बनाई गई है। नगर निगम का लक्ष्य केवल बारिश के दौरान राहत कार्य करना नहीं बल्कि पहले से ऐसी व्यवस्था तैयार करना है जिससे समस्या उत्पन्न ही न हो। अधिकारियों का कहना है कि यदि समय पर सभी काम पूरे हो गए तो इस बार शहर में जलजमाव की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में जुटा आयुष निदेशालय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर झारखंड के आयुष निदेशालय ने तैयारियां तेज कर दी हैं। योग दिवस पर राजकीय कार्यक्रम को लेकर आयुष निदेशक ने नामकुम स्थित आयुष निदेशालय में 13 जून को विशेष बैठक बुलाई है। जिसमें राज्य भर के आयुष पदाधिकारियों शामिल होंगे। आयुष निदेशालय, झारखंड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए राज्य के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं आयुष निदेशक ने शनिवार को नामकुम स्थित आयुष निदेशालय में बैठक बुलाई है। भारत सरकार, आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 का विषय 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' निर्धारित किया गया है।

C M Y K

# मुहर्रम को लेकर हजारीबाग पुलिस अलर्ट

## अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन पर एसपी ने दिए कड़े निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जिले में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून-व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन, अवैध गतिविधियों पर रोक तथा जनसुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम के दौरान विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व में हुई सांप्रदायिक घटनाओं की समीक्षा कर संबंधित मामलों में फरार आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी जुलूसों की सूची तैयार कर उन पर अभी से विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। वर्ष 2025 से पूर्व के लंबित कांडों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित करने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार तथा कुर्की-जब्ती से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस निरीक्षक प्रत्येक सोमवार को थाना स्तर पर बैठक कर लंबित मामलों की समीक्षा एवं निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों को ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने और गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त लोगों तथा सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सीसीए, थाना हाजिरी एवं गुंडा पंजी की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने का भी निर्देश दिया गया। अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर खनन पर पूर्ण रोक लगाने के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। साइबर अपराध से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन एवं आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। साथ ही थाना प्रभारियों को आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया गया। जमीन विवाद से संबंधित लंबित मामलों की थाना दिवस के दौरान नियमित समीक्षा कर आवश्यकतानुसार संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार के माध्यम से अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जनता का विश्वास मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

### क्राइम मीटिंग में मुहर्रम को लेकर दिये गए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित कांडों के निष्पादन, आम जनता के साथ पुलिस के व्यवहार, एनडीपीएस, संगठित अपराध, एससी/एसटी कांडों तथा गुमशुदगी से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आईजी ने अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री पर सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विशेष अभियान चलाया जाए तथा इसमें संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, उनके खिलाफ सीसीए, थाना हाजिरी तथा गुंडा पंजी की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। बैठक में जिले में लंबित गुमशुदगी से संबंधित सभी मामलों की समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को हत्या, महिला अपराध तथा अन्य गंभीर मामलों में स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करने और कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश देने को कहा गया। आईजी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि थानों में आने वाले आम लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है और इसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। आईजी ने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सूचना मिलने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## सभी लाभार्थियों का शत प्रतिशत एफआरएस सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश

### पोषण ट्रैकर एवं पीएमएमवीवाई योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पोषण ट्रैकर एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, डेटा की शुद्धता तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी।बैठक में राज्य स्तर से आए पोषण अभियान कंसल्टेंट श्री काव्या ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं (एलएस) को निर्देश देते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर में दर्ज सभी लाभार्थियों का 100 प्रतिशत फ़ेस रिकॉग्निशन सिस्टम सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों से संबंधित सही एवं अद्यतन डेटा उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में जियो फेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। निर्देश दिया गया कि जो केंद्र निर्धारित जियो फेंसिंग क्षेत्र के बाहर संचालित हो रहे हैं, उन्हें शीघ्र ही निर्धारित क्षेत्र के अंतर्गत संचालित किया जाए। साथ ही सभी लाभार्थियों का वजन एवं लंबाई सही तरीके से पोषण ट्रैकर में दर्ज करने का निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों एवं महिलाओं की पोषण स्थिति का सही आकलन किया जा सके।

बैठक के दौरान लाभार्थियों का अपार आईडी एवं आभा आईडी बनाने तथा शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।इस अवसर पर पीएमएमवीवाई कंसल्टेंट श्री सुशील एवं श्री काव्या ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत नए लाभार्थियों का अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा ड्यू-लिस्ट एवं लंबित मामलों की संख्या में कमी लाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों के बैंक खातों को एनपीसीआई से लिंक कराने पर विशेष जोर दिया, ताकि लाभ की राशि समय पर एवं सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जा सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नीता चौहान ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभागीय पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं (एलएस), पोषण अभियान एवं पीएमएमवीवाई से जुड़े कर्मी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सफल संचालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में हम सभी को जीरो एरर नीति के तहत कार्य करना है। यह विशेष रूप से सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। समीक्षा के दौरान विभिन्न निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत बीएलओ सुपरवाइजर से पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण के साथ मतदाताओं का मिलान, डाटा प्रविष्टियों का सत्यापन एवं विलोपन, प्रपत्र संग्रहण एवं निष्पादन, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन तथा एएसडीडी सूची तैयार करने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों को गंभीरता एवं सतर्कता के साथ निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 जून 2026 से पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा।

## भाजपा महिला मोर्चा ने दिया तेल बचत और आत्मनिर्भरता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ''कम तेल की थाली, देश की खुशहाली'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा (साक्षी) ने किया। इस अवसर पर महिलाओं ने बिना तेल के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तेल की बचत के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि खाद्य तेल की खपत में कमी लाकर न केवल परिवार की आर्थिक बचत की जा सकती है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की जा सकती है। यह पहल प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं कार्यालय मंत्री विवेक सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने महिला मोर्चा की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य, बचत और राष्ट्रहित से जुड़ा जनजागरण अभियान बताया। कार्यक्रम में रत्ना सिन्हा, रानी शुक्ला, इंदु गुप्ता, पूनम कसेरा, हेमंती देवी, मीरा मेहता, सुमन भंडारी, रानी कच्छप सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि अपने दैनिक जीवन में थोड़ी-थोड़ी बचत और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करे तो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने महिलाओं से स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने और तेल की अनावश्यक खपत कम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ भारत, आत्मनिर्भर भारत और सशक्त नारी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव, पलामू के चार प्रखंडों को मिले नए अध्यक्ष, संगठन विस्तार की कवायद तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डालटनगंज।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पलामू जिले के चार प्रखंडों में नए प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव (संगठन) सुनीत शर्मा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्तियां प्रदेश नेतृत्व की सहमति और पार्टी प्रभारी के निर्देश पर की गई हैं। जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह छत्तरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। नई सूची में छत्तरपुर प्रखंड के लिए मोहन जायसवाल, पाटन प्रखंड के लिए जैनुल सिद्दकी, पंडवा प्रखंड के लिए मेघनाथ महतो तथा नवडीहा बाजार प्रखंड के लिए संतोष पाठक को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने नवनियुक्त अध्यक्षों से संगठनात्मक गतिविधियों को गांव और बूथ स्तर तक विस्तार देने तथा कार्यकर्ताओं को एकजुट कर पार्टी को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है। सभी प्रखंड अध्यक्ष पलामू जिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष बिमला कुमारी के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे और संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट जिला नेतृत्व को सौंपेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार इन नियुक्तियों का उद्देश्य आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए संगठन को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाना है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने का सिलसिला जारी है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से पलामू में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा जनाधार मजबूत होगा।

## लापता महिला का कंकाल मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के पांडू थाना क्षेत्र के एक जंगल से 15 दिन से लापता महिला का कंकाल बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर मिले कपड़ों के आधार पर परिजनों ने कंकाल की पहचान बसडीहा गांव निवासी 37 वर्षीय सुनीता देवी के रूप में की है। जानकारी के अनुसार, सुनीता देवी 29 मई को घर से जंगल की ओर गई थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर परिजनों ने पांडू थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को ग्रामीणों ने जंगल में बिखरे कपड़े और संदिग्ध निशान देखे, जिसके बाद खोजबीन के दौरान एक मानव कंकाल बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कंकाल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजन निष्पक्ष जांच और सच्चाई सामने लाने की मांग कर रहे हैं।

## जनता दरबार में सुनीं गईं आमजनों की समस्याएं

### कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदनों की सुनवाई की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है जनता दरबार में बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने आए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका नियमानुसार शीघ्र निपटारा किया जाए। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान भी किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनता दरबार के माध्यम से जिला प्रशासन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि नागरिकों की शिकायतों का प्रभावी निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## डीए लॉगिन सक्रिय नहीं होने से हुसैनाबाद अंचल में म्यूटेशन कार्य ठप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू।** हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में पिछले तीन से चार सप्ताह से अधिक समय से म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) का कार्य प्रभावित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीए लॉगिन सक्रिय नहीं होने के कारण म्यूटेशन से संबंधित आवेदन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के तहत डीए लॉगिन तक पहुंचने के बाद वहीं लंबित हो जा रहे हैं। म्यूटेशन कार्य बाधित रहने से जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन में देरी हो रही है, जिससे आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंचल कार्यालय से संबंधित विभाग को डीए लॉगिन सक्रिय करने के लिए भेजा गया है, लेकिन अब तक तकनीकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार डीए लॉगिन सक्रिय होने के बाद ही लंबित आवेदनों पर आगे की कार्रवाई संभव हो सकेगी। इधर, लगातार लंबित हो रहे मामलों को लेकर आवेदकों में चिंता बढ़ रही है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान कर म्यूटेशन कार्य को सुचारू रूप से शुरू कराने की मांग की है।

## आयुक्त ने विभागीय परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पलामू।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने आगामी विभागय परीक्षा दिनांक (14 जून) को मद्दे नजर रखते हुए गिरिवर +2 हाई स्कूल का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने परीक्षा संचालन को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पेयजल (डिस्पोजल के साथ), शौचालय, बिजली, सी.सी.टी.वी., मेडिकल किट एवं बैठने की समुचित व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा कक्षों में पर्याप्त रोशनी एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं साथ ही परीक्षार्थियों के लिए आयुक्त ने चाय और बिस्किट की भी व्यवस्था उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। उन्होंने केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने तथा परीक्षा संबंधी सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## बरहरवा स्टेशन पर 174 मोबाइल जब्त, दो युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 174 एंड्रॉयड मोबाइल फोन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 58 लाख 95 हजार 878 रुपये बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मालदा रेलखंड के बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि वनांचल एक्सप्रेस के जनरल कोच में दो व्यक्ति बड़ी संख्या में चोरी के मोबाइल फोन लेकर यात्रा कर रहे हैं। सूचना के आधार पर आरपीएफ टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान दोनों संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से कुल 174 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान वे मोबाइलों से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद आरपीएफ ने सभी मोबाइल फोन जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरपीएफ ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बरामद मोबाइलों और दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा मोबाइल फोन के स्रोत और स्वामित्व की पड़ताल की जा रही है।

## ट्रेन से गिरकर वृद्धा की मौत

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के शांतिपुरी इलाके में शुक्रवार सुबह ट्रेन से गिरकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही टीओपी-3 प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभ में मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में पुलिस ने उसकी पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन गांव निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मी देवी के रूप में की। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मृतका किन परिस्थितियों में ट्रेन से गिरी, इसका पता लगाने के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पंचायत उपबंध झारखंड नियमावली को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**गुमला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुमला नगर भवन में आज पंचायत उपबंध झारखण्ड नियमावली, 2025 विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में पेसा नियमावली पूरी तरह लागू हो चुकी है। इस एक्ट के जितने भी प्रावधान हैं, उनकी विस्तृत व्याख्या इस नियमावली में दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम लागू होने के बाद से योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लोगों में कई तरह की जिज्ञासाएं हैं, जिसे दूर करने के लिए ही राज्य स्तर के विशेषज्ञों की उपस्थिति में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## देसी कट्टा के साथ सोशल मीडिया पर स्टेटस डालना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हरिहरगंज।** सोशल मीडिया पर देशी कट्टा के साथ स्टेटस लगाना एक युवक को भारी पड़ गया। पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी अंतर्गत सरसोत गांव निवासी उपेंद्र साव के 19 वर्षीय पुत्र अभय कुमार उर्फ लड्डू को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में हरिहरगंज थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 105/26 दर्ज किया गया है। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति को भी अभियुक्त बनाया गया है। छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रशांत कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व अभय कुमार उर्फ लड्डू द्वारा इंस्टाग्राम पर देशी कट्टा के साथ लगाया गया। स्टेटस पुलिस की नजर में आया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर सरसोत गांव स्थित बड़की आहर के समीप एक कुएं के पास ईंट के नीचे अखबार में लपेटकर छिपाया गया एक देशी हथियार बरामद किया गया। वहीं दूसरा हथियार भी कुछ ही दूरी पर स्थित एक अन्य कुएं से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, कुएं से हथियार निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए डीजल पंप की सहायता से कुएं का पानी निकाला गया, जिसके बाद हथियार को बरामद किया जा सका।

# बोलेरो का टायर फटने से एक की मौत, आधा दर्जन जख्मी

## देवघर और कोलकाता घूमने गए थे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। देवघर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बोलेरो गाड़ी का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। यह दुर्घटना मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पटना-गया एनएच-22 पर नेर गांव के समीप हुई। तेज रफ्तार बोलेरो का अचानक टायर फट गया, जिसके बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी सड़क किनारे पलट गई।

हादसे में मुजफ्फरपुर निवासी सुजीत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विकास कुमार, मनीष कुमार, नीतीश कुमार, अजीत कुमार समेत कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल मखदुमपुर स्थित सुखदेव प्रसाद वर्मा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों ने बताया कि वे सभी सात दोस्त मुजफ्फरपुर से किराए की बोलेरो लेकर देवघर

## टायर फटने से अनियंत्रित हो गया वाहन



और कोलकाता घूमने गए थे। शुक्रवार को सभी लोग वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नेर गांव के पास अचानक गाड़ी का टायर फट गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही मखदुमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने कुछ समय के लिए एनएच-22 को जाम कर प्रदर्शन भी किया, हालांकि बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर यातायात सामान्य करा दिया।

घायल विकास कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले सभी दोस्त मुजफ्फरपुर से देवघर होते हुए कोलकाता गए थे। शुक्रवार को लौटने के दौरान बोलेरो का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन पलट गया। हादसे में अजीत कुमार, विकास कुमार, शिवनाथ कुमार और मनीष कुमार समेत कई लोग घायल हो गए।

# छिनतई का विरोध करने पर मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगड़िया।** जिले में मानसी-सहरसा रेलखंड पर एक सनसनीखेज घटना सामने आई। अमृतसर से नरपतगंज जा रही 14604 डाउन जनसाधारण एक्सप्रेस में बदमाशों ने छिनतई का विरोध करने पर एक यात्री को गोली मार दी। वारदात मानसी स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद और बदलाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले रात करीब 8:35 बजे हुई। घटना के बाद ट्रेन में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

घायल यात्री की पहचान झारखंड के गोड्डा जिले के रहने वाले 40 वर्षीय देव कुमार के रूप में हुई है। वह प्रकाश वर्द्धन के पुत्र हैं। जानकारी के अनुसार देव कुमार अपनी पत्नी से मिलने जा रहे थे, जो सुपौल जिले में मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) के पद पर कार्यरत हैं। मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही जनसाधारण एक्सप्रेस मानसी स्टेशन से आगे बढ़ी, कुछ बदमाशों ने देव कुमार से छिनतई करने की कोशिश की। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने उन पर गोली चला दी।

# बीच खेत में पुलिया का वीडियो वायरल

## मनरेगा में लाखों की लूट, लोगों ने की जांच की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के केसरिया प्रखंड में मनरेगा योजना के तहत कराए गए पुलिया निर्माण को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। ढेकहा पंचायत के गंडक नदी की पेटी (चेवर) में बिना सड़क और संपर्क मार्ग के चार पुलियों का निर्माण चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और योजना से जुड़े लोगों की मिलीभगत से सरकारी राशि की बंदरबांट की गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पंचायत के वार्ड संख्या-4 स्थित मझरिया गांव में नदी क्षेत्र के भीतर दो पुलियों का निर्माण कराया गया है। इनमें एक पुलिया ऐसे स्थान पर बनी है, जहां न कोई सड़क है और न ही नियमित आवागमन की सुविधा। दूसरी पुलिया की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई है।

यही नहीं, वार्ड संख्या-11 में भी दो अन्य पुलियों का निर्माण कराया गया है। इनमें एक गाइड बांध के समीप तथा दूसरी सतरघाट माई स्थान के पास नदी क्षेत्र में स्थित है। इन पुलियों के आसपास भी कोई समुचित संपर्क मार्ग नहीं है। ऐसे में ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इन योजनाओं का चयन किस आधार पर किया गया।

पुलियों के फोटो और वीडियो सामने आने के बाद पूरे इलाके में चर्चा तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि जहां सड़क ही नहीं है, वहां पुलिया निर्माण कर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का काम किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा जैसी गरीबों के रोजगार और विकास की योजना कुछ लोगों के लिए कमाई का जरिया बन गई है।

हालांकि, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि स्थल निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई गई थी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिया पर लगभग साढ़े चार लाख रुपये खर्च हुए हैं।

# ट्यूशन गयी नाबालिग छात्रा की लाश नहर से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले के दावथ थाना क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह पुलिस ने 17 वर्षीय छात्रा का शव नहर से बरामद किया। मृतका की पहचान इटवा गांव निवासी बादशाह सिंह की पुत्री कुमारी मनीषा के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और इलाके में भी चर्चा का माहौल है।

परिजनों के अनुसार कुमारी मनीषा गुरुवार को घर से ट्यूशन पढ़ने गई थी। पहली ट्यूशन के बाद वह वापस घर लौट आई थी। इसके बाद वह दूसरे विषय की पढ़ाई के लिए फिर से ट्यूशन पढ़ने निकली। हालांकि इस बार वह देर रात तक घर नहीं लौटी, जिससे परिजन चिंतित हो गए। छात्रा के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिवार की चिंता और बढ़ गई।

शुक्रवार सुबह कोआथ नहर से छात्रा का शव बरामद किया गया। शव मिलने की खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। बेटी का शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि मनीषा की हत्या कर उसके शव को नहर में फेंका गया है। उनका कहना है कि यह सामान्य घटना नहीं है और मामले की गहराई से जांच की जानी चाहिए। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

घटना की सूचना मिलते ही दावथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नहर से एक नाबालिग छात्रा का शव बरामद हुआ है।

# मासूम के साथ दरिंदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली एक अत्यंत संवेदनशील घटना सामने आई है, जहां गुरुवार की देर शाम एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची के साथ कथित रूप से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मासूम बच्ची अपने घर में चौकी पर खेल रही थी और उसकी मां मकान की छत पर कुछ काम कर रही थी। इसी दौरान मौका पाकर पड़ोसी आरोपी मोहम्मद राजिद ने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, इस हैवानियत के कारण बच्ची की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है।

स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद, उसे बेहतर इलाज के लिए तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां डॉक्टरों की एक विशेष टीम लगातार उसकी देखरेख और उपचार में जुटी है। इस खौफनाक घटना के बाद से पूरे इलाके के लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है।

# चार दिनों से मासूम लापता, अनहोनी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के कटासा गांव से 9 जून को दादा राजकुमार साह के साथ पूजा करने बटेश्वर बाबा मंदिर गया 13 वर्षीय पोता गौरव कुमार पिछले तीन दिनों से लापता है। परिजनों को किसी अनहोनी की चिंता सता रही है। परिवार वालों ने काफी खोजबीन करने के बाद सिंहवाड़ा थाना पुलिस से उसे खोजने की गुहार लगाई है। हालांकि घटना के बाद एक अनजान व्यक्ति का फोन कॉल आया, जिसने गौरव की वापसी को लेकर पैसे की मांग की थी। पैसे मांगने वाली कॉल का ऑडियो रिकॉर्ड किया गया है, जिसे जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। हालांकि बाद में कॉल करने वाला व्यक्ति अपने बयान से मुकर गया और उसने कहा कि उसने इंस्टाग्राम पर बच्चे के गायब होने की सूचना देखकर मजाक में फोन किया था, बच्चा उसके पास नहीं है। पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है कि आखिर उसने किस आधार पर फोन किया था।

गौरव के दादा राजकुमार साह ने बताया कि वह केदारनाथ साह उच्च विद्यालय में 9वीं कक्षा का छात्र है। उन्होंने बताया कि 9 जून को वह गौरव के साथ मंदिर गए थे। वे उसे मंदिर के चबूतरे पर बैठाकर पूजा करने अंदर चले गए थे। जब लगभग 10 मिनट बाद पूजा करके बाहर आए, तब गौरव वहां से गायब था। उन्होंने पहले अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उन्होंने बताया कि गौरव के पिता की पहले ही सांप काटने से मौत हो चुकी है। वहीं गौरव की दादी गीता देवी ने बताया कि कुछ दिनों पहले कुत्ते ने उसे काट लिया था। पंडित जी के कहने पर वह पूजा की थाली लेकर मंदिर गया था।

गौरव की मां गुड़िया देवी ने बताया कि उनके पति की गुजरात में काम करने के दौरान सांप के काट लेने से मौत हो गई थी।

# पंचायत कार्यालय से दस्तावेज गायब

**नरकटियागंज।** प्रखंड अंतर्गत शिकारपुर पंचायत कार्यालय से महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेखों के गायब होने और उनके साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पंचायत के मुखिया राहुल कुमार जायसवाल ने शिकारपुर थाने में आवेदन देकर पंचायत सचिव मोहम्मद शाहबुद्दीन, तकनीकी सहायक दीपक कुमार और लेखापाल अभिनव कुमार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मुखिया ने आरोप लगाया है कि तीनों कर्मियों ने मिलकर पंचायत कार्यालय की अलमारी से विकास योजनाओं और स्वच्छता मित्रों के भुगतान से संबंधित महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज निकालकर गायब कर दिए। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव के लगातार हड़ताल पर रहने के कारण कई विकास कार्यों तथा स्वच्छता मित्रों का भुगतान लंबित था। इसी समस्या के समाधान और सहयोग शिविर की सफलता को लेकर 8 जून को पंचायत कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी।

# गैस उपभोक्ता झेल रहे दोहरी मार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर क्षेत्र के उपभोक्ता इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है, वहीं दूसरी ओर होम डिलीवरी के नाम पर मनमानी वसूली ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एक से दो किलोमीटर की दूरी पर सिलेंडर पहुंचाने के लिए 100 रुपये तक वसूले जा रहे हैं, जबकि गैस बुकिंग के समय ही डिलीवरी शुल्क जमा कराया जाता है।क्षेत्र के कई गांवों में पिछले कुछ समय से गैस एजेंसी की गाड़ियां नियमित रूप से नहीं पहुंच रही हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को स्वयं एजेंसी कार्यालय अथवा गोदाम तक पहुंचकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और तपती धूप में घंटों इंतजार करने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है।

हाल के दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत बढ़कर 1039 रुपये पहुंच गई है। इसके बावजूद घर तक सिलेंडर पहुंचाने के लिए अतिरिक्त 100 रुपये की मांग उपभोक्ताओं को खल रही है।

चौगाईं गैस एजेंसी से जुड़े उपभोक्ता मुन्नी देवी, आशुतोष कुमार, अजय कुमार, शंकरदयाल पांडेय, रितेश कुमार एवं धर्मदेव पांडेय सहित कई लोगों ने बताया कि पहले होम डिलीवरी के नाम पर 40 रुपये तक लिए जाते थे, लेकिन अब यह राशि बढ़ाकर 100 रुपये कर दी गई है। उनका कहना है कि यह स्थिति आपदा में अवसर तलाशने जैसी है। उपभोक्ताओं ने संबंधित एजेंसी संचालकों एवं प्रशासन से इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

उधर, धृतवन गैस एजेंसी, चौगाईं के संचालक धनंजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित रहने के कारण कुछ दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य होते ही एजेंसी की गाड़ियां पुनः गांवों तक भेजी जाएंगी, ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

# हर घर नल जल योजना टांय-टांय फिस्स

## 13 गांवों के लोगों को पेयजल मयस्सर नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** रामगढ़ प्रखंड के लतबेरवा पंचायत में हर घर जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत लतबेरवा पंचायत के 13 गांव के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जलमीनार बनाए गए हैं लेकिन इसके लाभ से ग्रामीण वंचित हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-2023 निर्मित 20 जलमीनार आज तक प्रारंभ नहीं हो सका है। पंचायत के खसिया गांव में चार जलमीनार बंद हैं। राम मंदिर के पास बने जलमीनार में सोलर प्लेट तो लगाया गया लेकिन इसमें मोटर गायब है। ऊपर टोला में स्थित जलमीनार में केवल मोटर लगाया गया है जबकि सोलर प्लेट गायब है।

खिलकिनारी गांव में पाइपलाइन और जलमीनार का निर्माण कार्य तो पूर्ण है लेकिन मोटर और सोलर प्लेट अभी तक नहीं लगाया गया है। सासाराम गांव के जलमीनार में ना तो मोटर लगाया गया है और ना ही सोलर प्लेट। पूर्णियां गांव में तीन जलमीनार है। एक जलमीनार में मोटर और सोलर प्लेट तो दिया गया है लेकिन इसे आजतक फिट नहीं किया गया है। दूसरा जलमीनार खराब हो चुका है। लतबेरवा गांव में आठ जलमीनार का निर्माण किया गया है लेकिन सभी जलमीनार बंद पड़ा है। लतबेरवा नीचे टोला में तीन जलमीनार है जिसमें दो खराब है। नीचे टोला में एक निमार्णाधीन जलमीनार है जो चार वर्ष बाद भी आज तक पूरा नहीं हो पाया है। लतबेरवा बीच टोला में दो जलमीनार अब तक चालू नहीं हो सका है। लतबेरवा ऊपर टोला जिसमे दो जलमीनार बंद पड़ा हुआ है।

कुटकु टोला में भी जलमीनार लगाया गया है जो आज तक चालू नहीं हो सका है। गरडी ऊपर टोला में तीन जलमीनार है जिसमें से महज एक ही चालू अवस्था में है। ऊपर टोला में बने जल मीनार का निर्माण अब तक अधूरा है। एक जलमीनार में सोलर प्लेट और मोटर भी नहीं लगाया गया है। गांव के नीचे टोला में दो



जलमीनार है जिसमें से एक खराब अवस्था में तो दूसरा अब तक चालू ही नहीं हो पाया है।

इसी गांव के डुमगी टोला के जलमीनार में आजतक सोलर प्लेट और मोटर नहीं लगाया गया है। मधुबन गांव में सड़क किनारे ही एक जलमीनार का निर्माण कार्य शुरू किया गया लेकिन जलमीनार को महज 15 फीट उठा कर छोड़ दिया गया है। सिजुवाकिता और सिजुवाबहियार गांव में दो जलमीनार का निर्माण किया गया है।

दोनों जलमीनार में मोटर और सोलर प्लेट नहीं लगने के कारण बंद है। ठाड़ी खसिया गांव में जलमीनार के लिए दो बोरिंग किया गया। बोरिंग के बाद जलमीनार निर्माण के लिए सामग्री गिराई गई लेकिन जलमीनार निर्माण के लिए आजतक नींव भी नहीं खोदी गई है।

ततवा टोला का जलमीनार भी सोलर प्लेट और मोटर के अभाव में बंद पड़ा हुआ है। ठाढ़ी खसिया ऊपर टोला में मुख्य सड़क के लगा जलमीनार भी करीब चार साल से बंद पड़ा हुआ है। इस गांव में सिर्फ राय टोला का जलमीनार चालू है। जानकारी के मुताबिक अधिकांश योजनाओं के बाधित रहने की वजह केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि की अनुपलब्धता है।

# कॉरिडोर निर्माण की कवायद हुई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के डोभी प्रखंड क्षेत्र में प्रस्तावित अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। परियोजना से संबंधित तैयारियों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और निर्माण कार्य शुरू हो गया है। अधिग्रहीत जमीन का समतलीकरण शुरू हो गया है। करीब 1670.22 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना से क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी तथा लगभग एक लाख लोगों के लिए रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह परियोजना भारत सरकार के द्वारा विकसित किया जा रहा है। परियोजना स्थल डोभी प्रखंड के खरांटी पंचायत के तेरह राजस्व गांवों में फैला हुआ है। इनमें अमारुत, मंगरुचक, बरिया, गंजीचक, खरांटी, सुगासोत, मंझौली सहित अन्य गांव शामिल हैं। औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है तथा विभिन्न विभागों से आवश्यक स्वीकृतियां भी प्राप्त की जा चुकी हैं।

# एक एकड़ में अब हाईटेक बनेगा शव दाह गृह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर में अंतिम संस्कार की परंपरागत व्यवस्था अब आधुनिक तकनीक से जुड़ने जा रही है। आने वाले दिनों में शहरवासियों को एलपीजी गैस आधारित शवदाह गृह की सुविधा मिलेगी। दोमंठा घाट के निकट आधुनिक मोक्षधाम निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है।

नगर निगम ने इसके लिए जिला प्रशासन से लगभग एक एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही परियोजना को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी।

दरअसल, नगर विकास एवं आवास विभाग की पहल पर बिहार के कई प्रमुख शहरों में एलपीजी आधारित शवदाह गृह स्थापित किए जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना में मुंगेर को भी शामिल किया गया है।

विभागीय अधिकारियों का मानना है

### कई शहरों में एलपीजी आधारित है संयंत्र

कि गैस आधारित शवदाह गृह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। इससे लकड़ी की खपत कम होगी और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ व समयबद्ध बनेगी।भूमि मिलते ही शुरू होगी आगे की प्रक्रिया नगर निगम की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि शहर की बढ़ती आबादी और बेहतर नागरिक सुविधाओं की जरूरत को देखते हुए आधुनिक मोक्षधाम का निर्माण समय की मांग है। विभागीय मानकों के अनुसार, इस परियोजना के लिए लगभग एक एकड़ भूमि की आवश्यकता है। जमीन उपलब्ध होने के बाद निर्माण एजेंसी चयन, तकनीकी स्वीकृति और अन्य प्रक्रियाओं को गति दी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार पूर्व में दोमंठा घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह स्थापित करने की योजना पर विचार हुआ था, लेकिन अब विभागीय स्तर पर एलपीजी आधारित तकनीक को प्राथमिकता दी जा रही है।

नई व्यवस्था में तकनीकी बाधाएं कम होंगी और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक सुगम बन सकेगी। कम समय में सेवा उपलब्ध होने से लोगों को भी राहत मिलेगी।

शहर के लाल दरवाजा स्थित मुक्ति धाम में पहले से इलेक्ट्रिक शवदाह गृह संचालित है, लेकिन पुराना होने के कारण वह अक्सर खराब रहता है। तकनीकी खराबी के चलते अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे लोगों को मजबूरन लकड़ी का सहारा लेना पड़ता है। इससे खर्च बढ़ता है और परिजनों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# नगदी सहित तीन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** नालंदा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सूरजपुर में 05 घरों में अज्ञात चोरों के द्वारा नगदी, जेवरात एवं मोबाइल इत्यादि की चोरी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को धर दबोचा है। जिसमें 15 हजार 600 नगद की बरामदगी भी की गई है। गिरफ्तार तीनों चोरों को जेल भेज दिया गया है।यह जानकारी राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में अभिषेक कुमार ग्राम नई पोखर थाना राजगीर, सकलदीप कुमार बेगमपुर नाथाचक थाना तथा रित्विक प्रखर उर्फ अप्पा ग्राम-जुआफर हालवासी ननीहाल का सुरजपुर का निवासी है।उन्होंने बताया कि पिछले 05 जून की मध्यरात्रि को नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूरजपुर में 05 घरों में अज्ञात चोरों के द्वारा नगदी, जेवरात एवं मोबाइल आदि की चोरी की गई थी। जिसे गृहभेदन की घटना के साथ अंजाम दिया गया था।

घटना की गंभीरता के मद्देनजर राजगीर डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। जिसमें राजगीर इंस्पेक्टर संजय कुमार, डीआई०यु० शाखा नालंदा के पुनि आलोक कुमार व चंदन कुमार, नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पांडेय, नालंदा थाना सअनि चंद्रभूषण पांडेय व परि पुअनि विवेकानंद टीम में शामिल रहे। इस दौरान टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान, गुप्तचरों के निशानदेही एवं अन्य स्त्रोतों से घटना का उद्भेदन करते हुए घटना में सलिप्त चोरों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार चोरों द्वारा घटित घटना में अपनी संलिप्तता को भी स्वीकार किया गया। इस घटना में सुरजपुर निवासी रित्विक प्रखर उर्फ अप्पा द्वारा घरों को चिन्हित कर अपने सहयोगी अभिषेक कुमार एवं श्याम उपाध्याय दोनों राजगीर निवासी को अपने घर बुलाया गया था।

# जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रमायुक्त कार्यालय की ओर से श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ग्राम विकास परिषद एमआरसी कटिहार ने भी भाग लिया। बैठक में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कार्य नहीं कराने का संकल्प लिया गया। साथ ही समाज में बाल श्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और देश को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने कहा कि बाल श्रम को समाप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, तभी आने वाले समय में देश को बाल श्रम मुक्त बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक अभिशाप है, जो बच्चों को शिक्षा से वंचित कर उनके भविष्य को प्रभावित करता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाए और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को सिखाये गये आधुनिक खेती के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** किसानों को कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से जोड़ने तथा खरीफ मौसम में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभाकक्ष में खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक अमरदीप शर्मा द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, लादा के कृषि वैज्ञानिक सौरभ चौधरी, जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त कृषि विशेषज्ञ मुकेश कुमार देव तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक इंद्रजीत गौरव सहित कृषि विभाग के अन्य प्रसार कर्मी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फसल उत्पादन बढ़ाने, फसल सुरक्षा, कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सॉइल हेल्थ कार्ड के महत्व, जैविक खेती, जलवायु अनुकूल खेती, समय पर बुआई, उन्नत किस्मों के चयन तथा खेतों में नई तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कृषि वैज्ञानिक सौरभ चौधरी ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रयोग, मिट्टी की जांच तथा बदलते मौसम के अनुरूप खेती की रणनीति अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर उत्पादन लागत कम होने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। जिला स्तरीय कृषि विशेषज्ञ मुकेश कुमार देव ने किसानों को खरीफ फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं कीटों की पहचान तथा उनके नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी।

वहीं सहायक तकनीकी प्रबंधक इंद्रजीत गौरव ने आत्मा एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, किसान परिभ्रमण, अनुदान योजनाओं तथा तकनीकी सहायता से संबंधित जानकारी किसानों के बीच साझा की।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। किसानों ने खेती से जुड़ी अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को विशेषज्ञों के समक्ष रखा, जिसका मौके पर समाधान किया गया।

किसानों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को खेती के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों के प्रगतिशील किसान मनोज कुमार, आनंद कुमार झा सहित कृषि समन्वयक मणिकांत चौधरी, कैलाश सहनी, दीपक कुमार, ललन कुमार, राकेश कुमार तथा किसान सलाहकार रमाकांत रमण, संजय कुमार, विशंभर नाथ प्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कृषि विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार और अनियमितता पर राजस्व मंत्री का प्रहार, 8 और अंचल अधिकारियों पर कार्रवाई

## पिछले एक महीने में 50 अधिकारियों पर गिरी गाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। विभागीय मामलों की समीक्षा के क्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को आठ अंचल अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई और विभागीय कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि विभाग में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबसे कड़ी कार्रवाई जहानाबाद के रतनीफरीदपुर के तत्कालीन अंचल निरीक्षक रहे संतु कुमार राम के विरुद्ध की गई है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के गंभीर आरोप में उनके पेंशन में शत-प्रतिशत स्थायी कटौती का दंड अधिरोपित किया गया है। वहीं, रोहतास के करगहर के तत्कालीन प्रभारी अंचल अधिकारी सुरजेश्वर श्रीवास्तव के विरुद्ध बिना सूचना एवं वैध कारण के लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में आरोप पत्र गठित किया गया है। मधेपुरा के मुरलीगंज के तत्कालीन अंचल अधिकारी जयप्रकाश स्वर्णकार पर स्थानांतरण के बाद भी बड़ी संख्या में दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने के आरोप में द्वितीय कारणपृच्छा अभ्यावेदन की मांग की गई है। भागलपुर के नारायणपुर के तत्कालीन अंचल अधिकारी अजय कुमार सरकार के विरुद्ध दाखिल-खारिज के एवज में पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में विभागीय कार्यवाही संचालित है। इसी प्रकार रोहतास के डिहरी की तत्कालीन अंचल अधिकारी सीमा रानी के खिलाफ सरकारी भूमि से जुड़े अभिलेखों में जालसाजी कर भूमि के बंदरबांट एवं दाखिल-खारिज से संबंधित गंभीर आरोपों में विभागीय कार्यवाही जारी है। नालंदा के एकंगरसराय के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी आमोद कुमार तथा बांका के बौंसी के तत्कालीन अंचल अधिकारी विजय कुमार गुप्ता पर एक ही दस्तावेज को पहले अस्वीकृत और बाद में स्वीकृत करने संबंधी अनियमितताओं के आरोप पाए गए। विजय कुमार गुप्ता के विरुद्ध पेंशन में दो वर्षों के लिए 10 प्रतिशत कटौती का दंड अधिरोपित किया गया है जबकि आमोद कुमार से द्वितीय कारणपृच्छा अभ्यावेदन मांगा गया है। इसके अतिरिक्त बांका के बेलहर के तत्कालीन अंचल अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद के विरुद्ध भी इसी प्रकार के मामलों में आरोप पत्र गठित किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितता के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अपने पद का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि पिछले एक महीने के दौरान राजस्व विभाग में कुल 50 अंचल अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभिन्न मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। इससे स्पष्ट है कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सरकार लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है।

## जसपाल राणा के निधन पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत के दिग्गज निशानेबाज जसपाल राणा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जसपाल राणा ने राष्ट्रमंडल खेलों में नौ स्वर्ण पदक जीते थे जिनमें लगातार चार संस्करणों में हासिल किए गए स्वर्ण पदक शामिल हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जसपाल राणा पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर के प्रशिक्षक भी रहे थे। उनके निधन से भारतीय खेल जगत, विशेषकर निशानेबाजी के क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में निशानेबाजी को लोकप्रिय खेल के रूप में स्थापित करने में जसपाल राणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खेल के प्रति उनका समर्पण और योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। जसपाल राणा को निशानेबाजी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए अर्जुन पुरस्कार और पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। डॉ. प्रेम कुमार ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

## स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि पर किसान आंदोलन का शंखनाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम, पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार की संचालन समिति और स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम समिति द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में 26 जून को स्वामी सहजानंद सरस्वती की 77वीं पुण्यतिथि को ऐतिहासिक रूप से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं, किसान आंदोलन और स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रासंगिकता पर विशाल सेमिनार आयोजित होगा। बैठक में ग्रीन सैटेलाइट टाउन परियोजना के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन अधिग्रहित करने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि भूमि अधिग्रहण पर निर्धारित मुआवजा नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश है। धान अधिप्राप्ति योजना में अनियमितता, खाद और बीज की कालाबाजारी, डेयरी प्रबंधन में किसानों के शोषण तथा फसल बीमा की समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। किसानों ने प्रति लीटर दूध पर 10 रुपये सब्सिडी, सभी फसलों के लिए प्रीमियम-मुक्त खेसरा आधारित फसल बीमा, बटाईदार किसानों को भी बीमा लाभ तथा गन्ने का क्रय मूल्य कम से कम 600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की। चिंतन शिविर को अशोक प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार, रामायण सिंह, बृजेश राय, वशिष्ठ सिंह, पूर्व सांसद गिरिजा देवी, प्रो. सुधीर कुमार, अशोक कुमार सिंह, मुन्ना तिवारी, भोला यादव, अश्विनी चौबे, प्रदीप प्रियदर्शी, अमेरिका महतो, सत्येंद्र कुमार सिंह और शशि कुमार ने संबोधित किया। अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान नेता एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती के शिष्य बैजनाथ शर्मा ने की। बैठक की शुरुआत युवा किसान नेता ऋषक राज तथा तीन अन्य युवाओं के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद दिनेश कुमार और अशोक प्रसाद सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना व्यक्त की।

# कृषि आधारित स्टार्टअप से खुलेगा समृद्ध बिहार का मार्ग

## युवाओं को मिलेगा रोजगार और रुकेगा पलायन : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कृषि आधारित स्टार्टअप, कृषि नवाचार एवं ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों तक नई तकनीकों की पहुंच सुनिश्चित करने, युवाओं एवं महिलाओं को कृषि उद्यमिता से जोड़ने तथा कृषि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की वास्तविक समृद्धि गांवों की समृद्धि से जुड़ी है। कृषि आधारित स्टार्टअप केवल तकनीकी नवाचार का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण पुनर्जागरण का सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि यदि कृषि, प्रसंस्करण, भंडारण, विपणन, ड्रोन तकनीक, स्मार्ट सिंचाई और एग्री-लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में युवाओं को अवसर उपलब्ध कराए जाएं तो लाखों युवाओं को अपने ही गांव और जिले में सम्मानजनक रोजगार मिल सकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि कृषि आधारित उद्यमों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर राज्य सरकार ऐसा वातावरण तैयार कर रही है जहां युवा 'नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले' बन सकें। इससे न केवल पलायन में कमी आएगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की बिहार सरकार 'सात निश्चय-3' के संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि क्षेत्र में नवाचार, कौशल विकास, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल सेवाओं का विस्तार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के माध्यम से सरकार विकसित एवं आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रयासरत

## बिहार पुलिस में चयनित युवाओं को सम्मानित कर मंत्री श्रवण कुमार ने बढ़ाया हौसला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/नालंदा।** नालंदा जिले के चंडी स्थित सनराइज सैनिक ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित 'बिहार पुलिस सम्मान समारोह' का उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं सूचना-जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने किया। समारोह में बिहार पुलिस और होमगार्ड में चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम उन प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया जिन्होंने वर्ष 2025 एवं 2026 के दौरान सनराइज सैनिक ट्रेनिंग सेंटर से शारीरिक तैयारी एवं अनुशासन का प्रशिक्षण प्राप्त कर बिहार पुलिस और होमगार्ड की भर्ती परीक्षाओं में सफलता हासिल की। संस्थान के अनुसार लगभग 100 अभ्यर्थी चयनित होकर वर्तमान में बिहार पुलिस और होमगार्ड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने सनराइज सैनिक ट्रेनिंग सेंटर के प्रबंध निदेशक एवं प्रशिक्षक प्रतेश रस्तोगी की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण ने अनेक युवाओं को सफलता की राह दिखाई है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में बिहार पुलिस में 21,391 कर्मियों की नियुक्ति की गई थी जिनमें 11,178 महिलाएं और 10,205 पुरुष शामिल थे। वहीं वर्ष 2026 में केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा 19,838 पदों का अंतिम परिणाम घोषित किया गया है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 31 हजार सिपाही, दरोगा और चालक पदों पर भर्ती की घोषणा की गई है जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने युवाओं से निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को साकार कर समाज और राज्य का नाम रोशन करें। साथ ही चयनित अभ्यर्थियों से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की।

## संपत्ति अर्जित करने में नियमों की अनदेखी अनुशासनिक कार्रवाई का होगा आधार : अपर मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत विभागीय जांच निदेशालय के मुख्य जांच आयुक्त सह महानिदेशक दीपक कुमार सिंह ने कहा कि आचार संहिता के अनुसार किसी भी सरकारी सेवक के खुद का संपत्ति अर्जित करने और उस संपत्ति का सरकार को प्रतिवेदन देने संबंधी नियमों की अनदेखी ही अनुशासनिक कार्रवाई का आधार होगा। श्री सिंह शुक्रवार को शास्त्रीनगर स्थित रेवेन्यू सर्वे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियमावली 2005 के अनुप्रयोग संबंधी प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण सत्र में योजना एवं विकास विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के संवर्गीय पदाधिकारी (बिप्रसे एवं बिससे के अतिरिक्त) मौजूद थे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने आय से अधिक संपत्ति और निगरानी के मामले में आरोप पत्र का गठन, साक्ष्य तैयार करने और मामले की जांच करने आदि की बारीकियों से पदाधिकारियों को रूबरू कराया। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मौजूदा वित्तीय वर्ष 2026 में जारी किए गए तीन परिपत्रों के बारे में जानकारी देते हुए सरकारी सेवक के खिलाफ आरोप पत्र गठित करने से लेकर अंतिम आदेश पारित किए जाने की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। प्रशिक्षक सतीश तिवारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को भ्रष्टाचार के अलग-अलग श्रेणियों से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि कार्यालयी संबंध रखने वाला या बिना ख्याति प्राप्त व्यक्ति से फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन करने के लिए विधिक प्राधिकारी से अनुमति लेने की जरूरत होगी। उन्होंने उदाहरण के तौर पर कहा कि पंजीकृत व्यापारी या बिल्डर से जमीन खरीदने से पहले अनुमति की जरूरत नहीं है, लेकिन किसी किसान या फिर दूसरी परिस्थितियों में जमीन की खरीदी करने पर विधिक प्राधिकारी से अनुमति लेने की जरूरत है।

## विधान परिषद चुनाव में निर्वाचित सदस्यों को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए हुए द्विवार्षिक निर्वाचन में निर्वाचित पवन सिंह, अनिल ठाकुर, निशांत, डॉ. सुनील कुमार सिंह, अशरफ अंसारी, शिवरानी देवी, संजय प्रकाश, डॉ. भारती मेहता और शीला पंडित को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही एक सीट पर हुए उपचुनाव में निर्वाचित ललन प्रसाद को भी शुभकामनाएं दीं। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी निर्वाचित सदस्यों के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके निर्वाचन से विधान परिषद में होने वाले विधायी विमर्श को नया आयाम मिलेगा तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को और मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाकर राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## प्रख्यात साहित्यकार रघुनाथ प्रसाद सिंह को दी श्रद्धांजलि, उनकी लेखनी सदैव जीवित रहेगी : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** बिहार की साहित्यिक एवं बौद्धिक दुनिया के लिए वर्ष 2026 एक अपूरणीय क्षति लेकर आया है। प्रख्यात साहित्यकार, अनुवादक और विद्वान रघुनाथ प्रसाद सिंह के निधन पर विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अप्रैल 2026 में उनके निधन के बाद साहित्य जगत में शोक की लहर है। इस अवसर पर कैरियर मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रघुनाथ प्रसाद सिंह का योगदान केवल साहित्य तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने ज्ञान, चिंतन और अनुवाद कार्यों के माध्यम से समाज को बौद्धिक रूप से समृद्ध करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। डॉ. झा ने बताया कि वर्ष 2018 में उन्हें गणेशदत्त परिषद् द्वारा प्रकाशित पुस्तक सर गणेशदत्त सिंह : एक जीवन परिचय की एक प्रति उपहार स्वरूप प्राप्त हुई थी। इस पुस्तक का अनुवाद स्वयं रघुनाथ प्रसाद सिंह ने किया था। पुस्तक के प्रथम पृष्ठ पर उनके हस्ताक्षर और आत्मीय संदेश आज भी उनके लिए अमूल्य धरोहर के रूप में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि रघुनाथ प्रसाद सिंह भले ही शारीरिक रूप से अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनकी भाषा की संवेदना और उनका साहित्यिक अवदान सदैव जीवित रहेगा। उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

## योगजनक महर्षि पतंजलि संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित योगजनक महर्षि पतंजलि स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन किया गया। यह अभियान के अन्तर्गत आयोजित निरन्तर 45वां शिविर है जिसमें देश-विदेश के संस्कृत विद्वानों की सहभागिता रही। शिविर का विधिवत उद्घाटन अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस पर संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन अति आवश्यक है क्योंकि योग के कारण ही शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है। चित्तवृत्तियों को रोकना एवं आत्मा को परमात्मा से मिलाने की क्रिया योग है। मुख्यातिथि प्रोफेसर डॉ रागिनी वर्मा ने कहा कि योगसूत्र योगदर्शन का मूल ग्रन्थ है जिसके रचयिता महर्षि पतंजलि थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने भारत के सभी लोगों से योगसूत्र को अध्ययन करने की अपील की तथा संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में उपस्थित होने को कहा।

# पूर्व मध्य रेल ने की प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट्स पर हितधारक परामर्श बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र के आलोक में प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट्स हेतु विशेष संविदा शर्तों के निर्माण के लिए हितधारकों से सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के उद्देश्य से महेंद्रूघाट, पटना स्थित सम्मेलन कक्ष में हितधारक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कैटरिंग सेवा क्षेत्र से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। लगभग 18 फर्मों के 25 प्रतिनिधियों ने बैठक में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया जबकि 25 से अधिक फर्मों के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें संविदा अवधि, पात्रता मानदंड, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय ब्रांडों की भागीदारी, आउटलेट्स में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाएं तथा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाओं के विकास से संबंधित विषय प्रमुख रहे। हितधारकों ने पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट्स स्थापित करने में गहरी रुचि व्यक्त की। कई प्रतिभागियों ने प्रतिष्ठित क्षेत्रीय ब्रांडों को पर्याप्त अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया जबकि अधिकांश प्रतिभागियों ने सेवा की गुणवत्ता तथा व्यावसायिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि को अपेक्षाकृत लंबा रखने का समर्थन किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट मार्केटिंग जाफर आजम ने कहा कि हितधारकों की सक्रिय भागीदारी से एक पारदर्शी, व्यावहारिक एवं प्रभावी नीति तैयार करने में सहायता मिलेगी। उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/कैटरिंग प्रभास राघव ने प्रतिभागियों से रचनात्मक सुझाव साझा करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राप्त सुझावों के आधार पर यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुरूप एक बेहतर एवं यात्री-केंद्रित व्यवस्था विकसित की जाएगी। पूर्व मध्य रेल द्वारा हितधारकों से आगे भी सुझाव प्राप्त करने के लिए उन्हें एक ई-मेल आईडी एवं संपर्क नंबर उपलब्ध कराया गया है जिससे नीति निर्माण प्रक्रिया को और अधिक सहभागी एवं पारदर्शी बनाया जा सके।

## श्रम मंत्री से इएसआइसी क्षेत्रीय निदेशक ने की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने श्रम संसाधन मंत्री, बिहार सरकार, अरुण शंकर प्रसाद से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक ने मंत्री को राज्य में ईएसआईसी एवं ईएसआईएस के वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चर तथा उनकी भूमिका व कार्यप्रणाली से विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि यह योजना किस प्रकार राज्य के बीमितों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का कार्य करती है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से राज्य में मौजूद औषधालयों की उत्पादकता बढ़ाने तथा श्रमिकों के हित में चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के क्रम में क्षेत्रीय निदेशक ने मंत्री को नए लेबर कोड के लागू होने के बाद चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाले आधारभूत संरचना के विकास के लाभ से अवगत कराया तथा बताया कि जिसमें अब जोखिम भरे उद्योग में काम करने वाले एक-एक कर्मचारी ईएसआईसी के दायरे में आएंगे इसके अतिरिक्त गिग वर्कर्स को भी सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा।

# 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पटना में होगा राज्यस्तरीय आयोजन

## योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार : निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 21 जून 2026 को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य आयुष समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार द्वारा पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक भवन, पटना तथा उच्च न्यायालय परिसर पटना में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' निर्धारित की गई है। इस थीम के माध्यम से लोगों को बढ़ती उम्र में बेहतर स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और मानसिक संतुलन के लिए योग अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों सहित आयुष केंद्रों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के लिए विभिन्न सहभागिता एवं जागरूकता आधारित गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। श्री निशांत ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक प्रभावी जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बिहार के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष रूप से वृद्धावस्था में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को कम करने, जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने तथा सक्रिय एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने में योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) संचालित है जहां आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को उपचार एवं आयुष औषधियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इन केंद्रों पर नियमित योगाभ्यास कराया जाता है तथा औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों के गुणों एवं उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी दी जाती है।

## एलन पटना की छात्रा ऋद्धि इंटरनेशनल ओलंपियाड में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** जेइइ व नीट के साथ-साथ नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड में भी एलन पटना के स्टूडेंट्स अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं। इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड में एलन पटना स्टूडेंट ने उपलब्धि हासिल की है। एलन जोनल हेड डॉ.विपिन योगी ने बताया कि जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलम्पियाड की फाइनल टीम की घोषणा कर दी गई है। फाइनल टीम में 4 स्टूडेंट्स भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, इसमें तीन छात्र व एक छात्रा शामिल हैं। यह एकमात्र छात्रा एलन पटना की स्टूडेंट ऋद्धि रंजन होगी। यह सम्पूर्ण बिहार के लिए गौरव की बात है। फाइनल 20 से 27 अगस्त तक ट्यूरिन, इटली में होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो वर्षों में एलन पटना ने शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में छात्रों की सफलता इसकी अकादमिक गुणवत्ता का प्रमाण है।

## बाल श्रम उन्मूलन के लिए शिक्षा विभाग के कर्मियों ने ली सामूहिक शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के मदन मोहन सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभागीय अधिकारियों और कर्मियों को बाल श्रम के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों के शिक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था। निदेशक (प्रशासन) मनोरंजन कुमार ने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मियों को बाल श्रम उन्मूलन की शपथ दिलाई जिसमें सभी कर्मियों ने संकल्प लिया कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करेंगे, न ही उसे बढ़ावा देंगे। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा की कि अपने व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य नहीं कराएंगे तथा समाज में बाल श्रम के विरुद्ध निरंतर जन-जागरूकता फैलाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्ण बचपन का अधिकार है। बाल श्रम न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में भी बाधक बनता है। इसे समाप्त करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। अंत में सभी प्रतिभागियों ने राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया। शिक्षा विभाग ने बाल अधिकारों की रक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

# संपादकीय

## महंगाई की आंच-जमीन पर क्यों नजर नहीं आ रहा वैकल्पिक उपायों का असर?

ऐसा लगता है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तीन महीनों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है।पश्चिम एशिया में हालात सामान्य नहीं हो पाने का असर अब प्रत्यक्ष रूप से महंगाई में तेज बढ़ोतरी के रूप में सामने आ रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार इजाफे के बाद सरकार ने घरेलू रसोई गैस के दामों में भी 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। यानी महंगाई की आंच आम लोगों की रसोई तक पहुंच गई है, जो आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है।इस स्थिति को लेकर पहले से ही अनुमान लगाए जा रहे थे, लेकिन सवाल सरकार के उन दावों पर उठ रहे हैं, जिनमें कहा गया था कि संभावित संकट का सामना करने के लिए समय रहते वैकल्पिक उपाय तलाश लिए जाएंगे। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे भारत समेत दुनिया के कई देशों में ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया है।भारत पर इसका ज्यादा असर इसलिए पड़ रहा है, क्योंकि यहां आयात पर निर्भरता अधिक है। यह सब ज्ञात होने के बावजूद अगर महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए कारगर कदम उठाने के बजाय इसका बोझ जनता पर डाल दिया जाए, तो क्या इसे उचित ठहराया जा सकता है।सरकार ने पिछले माह चार चरणों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए थे, जिसके परिणामस्वरूप कुल मिलाकर पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया था। इसी तरह व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भी बढ़ोतरी की गई।उम्मीद की जा रही थी कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम फिलहाल स्थिर रहेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तीन महीनों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले मार्च में साठ रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई थी, यानी इस अवधि में प्रति सिलेंडर कुल मिलाकर 89 रुपये बढ़ चुके हैं।सरकार का तर्क है कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में कीमतों में लगातार उछाल की वजह से तेल कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस के दाम घटते हैं, तो क्या उनका लाभ आम उपभोक्ताओं को दिया जाता है? यह मसला लंबे समय से कई स्तरों पर उठाया जाता रहा है, लेकिन इस पर कोई गंभीरता अब तक नजर नहीं आई है।घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के बाद सरकार अब यह कहकर अपनी पीठ थपथपा रही है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में तेज उछाल के बावजूद देश की जनता को रसोई गैस दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही है।इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि एक तरफ आम आदमी महंगाई के बोझ तले दबता जा रहा है और दूसरी तरफ सरकार यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब भी नियंत्रण में हैं।

## अंकों से आगे का जीवन


**डॉ. मनीष जैसल**

भारत को दुनिया के सबसे युवा देशों में गिना जाता है। देश की बड़ी आबादी युवा है और यही वर्ग आने वाले भारत की दिशा तय करने वाला है। युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी मानी जाती है, क्योंकि वही विकास, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन का आधार बनती है। लेकिन आज विडंबना यह है कि यही युवा वर्ग सबसे अधिक मानसिक दबाव, असुरक्षा और भविष्य की चिंता से घिरा हुआ दिखाई देता है। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा और करियर को लेकर जिस प्रकार की प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, उसने विद्यार्थियों के जीवन को लगातार तनावपूर्ण बना दिया है। आज सफलता को कुछ सीमित पेशों तक बाँध दिया गया है। डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी या बड़ी कॉरपोरेट नौकरी को ही श्रेष्ठ करियर मानने की सोच ने लाखों छात्रों पर अनावश्यक दबाव बढ़ा दिया है। बच्चों की रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व से अधिक समाज की अपेक्षाएँ महत्वपूर्ण हो गई हैं। यही कारण है कि अनेक विद्यार्थी अपनी पसंद को छोड़कर केवल 'सुरक्षित करियर' की दौड़ में शामिल हो जाते हैं।

स्थिति अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रही। हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर छात्रों की चिंताएँ भी लगातार बढ़ी हैं। प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षाएँ रद्द होने, परिणामों में देरी और भर्ती प्रक्रियाओं के वर्षों तक लंबित रहने से युवाओं के भीतर निराशा और असुरक्षा की भावना गहराई है। लाखों विद्यार्थी कई वर्षों तक कठिन तैयारी करते हैं, लेकिन जब व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं तो उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ने लगता है। कई युवाओं को यह महसूस होने लगता है कि उनकी मेहनत का भविष्य अनिश्चित है।

सोशल मीडिया ने इस दबाव को और बढ़ा दिया है। हर दिन दूसरों की उपलब्धियाँ देखकर अनेक छात्र स्वयं को पीछे छूटा हुआ महसूस करते हैं। तुलना की यह संस्कृति धीरे-धीरे मानसिक तनाव को जन्म देती है। विद्यार्थियों में यह डर बढ़ता जा रहा है कि यदि वे किसी परीक्षा या प्रतियोगिता में पीछे रह गए, तो उनका पूरा भविष्य प्रभावित हो जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि अत्यधिक शैक्षणिक दबाव युवाओं को गंभीर मानसिक समस्याओं की ओर धकेल रहा है। बड़ी संख्या में छात्र चिंता, अवसाद, अनिद्रा, माइग्रेन, पैनिक अटैक और आत्मविश्वास की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई विद्यार्थियों में सामाजिक अलगाव और अकेलेपन की भावना भी तेजी से बढ़ रही है। लगातार पढ़ाई, डिजिटल स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग और असंतुलित दिनचर्या के कारण आँखों की कमजोरी, मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएँ भी सामने आने लगी हैं। दुर्भाग्य से भारत में अभी भी मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने की संस्कृति सीमित है। अधिकांश परिवार तनाव और अवसाद को कमजोरी समझ लेते हैं। समस्या की जड़ केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि वह सामाजिक मानसिकता भी है जिसने करियर को प्रतिष्ठा और तुलना का विषय बना दिया है। अभिभावक अक्सर बच्चों की रुचि से अधिक समाज की राय को महत्व देने लगते हैं। कई बच्चे कला, खेल, लेखन, संगीत, मीडिया या डिजाइन जैसे क्षेत्रों में बेहतर होते हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक करियर विकल्पों की ओर धकेला जाता है। धीरे-धीरे यह दबाव उनके आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन को प्रभावित करने लगता है।

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व



**श्री सीपी राधाकृष्णन**

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

**परिवर्तनकारी नेतृत्व: 4,366 दिन और आगे:** श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।

इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा लखपति दीदियों का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि नारी शक्ति के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।



साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

विकास भी, विरासत भी÷ तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास

समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। विकास भी, विरासत भी÷ की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है।

उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी ÷विकास भी, विरासत भी÷ की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुडेक रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है।

इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं।भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है।इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने ÷एक मानवता÷ के नेक विचार को अपनाया था। ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है।

काशी-तमिल संगमम और सौराष्ट्र-तमिल संगमम जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है।प्रधानमंत्री मोदी जी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

**निष्कर्ष:** हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को युग पुरुष के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे युग पुरुष के रूप में उभरे हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को विकसित भारत ञ्च 2047 की ओर ले जाएगा।

**(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)**

# फाइबर अर्थव्यवस्था: भारत का अगला बड़ा वैश्विक अवसर



**गिरिराज सिंह**

फाइबर के साथ भारत का 5,000 बरस पुराना सभ्यतागत संबंध है, जो हमारे गाँवों, परंपराओं तथा सामूहिक पहचान में गहराई से गुँथा है। ÷बुनी हुई हवा÷ कहलाने वाली मोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकर समस्?त महाद्वीपों तक फैली भारतीय कारीगरी तक – फाइबर हमेशा से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज, जब दुनिया वैश्विक स्थिरता की क्रांति की कगार पर खड़ी है, तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है।

दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक – यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।

न्यू एज फाइबर ऐसे टिकाऊ एवं पौधों-आधारित पदार्थ हैं, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ते हैं। बांस, भाँग, केला, पीएएलएफ, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, मिल्कवीड और कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, लेकिन अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोज़िट्स और प्रीमियम उत्पादों में उच्च-मूल्य उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्य के लिए भारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तार कर रहे हैं।

बढ़ती आय, वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएँ और ट्रेसेबल सोर्सिंग की आवश्यकताएँ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को पूरी तरह बदल रही हैं और एक नई फाइबर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं। उपभोक्ता अब अपने पहनने के कपड़ों में आराम, पसीना सोखने की क्षमता या ब्रीदेबिलिटी और टिकाऊपन चाहते हैं। यही महत्?वपूर्ण बदलाव भारत में फाइबर की खपत को आज के 15 एमएमटी से बढ़ाकर 2030 तक 23 एमएमटी तक ले जाने वाला है। दुनिया अब तेजी से वही तलाश रही है, जिसे भारत प्रदान कर सकता है÷ नैतिक, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर, जो सदियों के अनुभव पर आधारित हैं।

इस विजन को एक स्पष्ट संस्थागत एवं नीतिगत ढाँचे का समर्थन प्राप्त है। वर्ष 2026ङ्क2031 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाले ÷मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी÷ के अंतर्गत न्यू एज फाइबर्स के लिए 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए, केंद्रीय बजट 2026ङ्क27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन एक व्यापक रणनीतिक ढाँचा प्रदान करता है, जो चार प्रमुख स्तंभों÷ कृषि-सूत्र- खेती और कच्चे माल के विकास के लिए, इन्फिनिटी- अनुसंधान एवं नवाचार के लिए, ग्राम-सेतु - अवसंरचना और उद्यम सृजन के लिए, तथा जीएमपीएस÷ ब्रांडिंग और बाज़ार विकास के लिए - पर आधारित है।

> **दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक — यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।**

इस नीतिगत ढाँचे की शक्ति दशकों से जारी वैज्ञानिक अनुसंधान में निहित है, जिसे ठोस परिणाम पहले से ही सामने आ चुके हैं। मिल्कवीड (आक/मदार) जिसे पारंपरिक रूप से भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (एनआईटीआरए) में 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी के तौर पर सामने आया है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर ङ्क20एष्ट तापमान में कार्यरत सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये स्लीपिंग बैग अपने पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10त्न हल्के, ऊन से अधिक गर्म तथा सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 55 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर यह पौधा किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 1.5ङ्क2 लाख रुपये तक की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है।

केले का फाइबर प्रतिवर्ष लगभग 1.8 मिलियन टन उत्पादन की क्षमता रखता है और कृषि अवशेषों से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की क्षमता रखता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए बड़े अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भाँग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाज़ार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जिसकी खेती की पहले से ही अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेमी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ एवं प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं। इस वैज्ञानिक गति को आगे बढ़ाते हुए, न्यू एज फाइबर्स पर राष्ट्रीय सेमिनार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा, जहाँ विज्ञान, नीति और उद्यम एक साथ आ सके। इसने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, किसान संगठनों, उद्योग जगत के दिग्?गजों और नीति-निर्माताओं को एक ही मंच पर एकत्रित किया। सभी दस प्राथमिकता प्राप्त फाइबर्स को कवर करने वाले तीन कार्य बलों की रिपोर्टें जारी की गईं, जिन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान को सीधे योजनाओं के डिज़ाइन और निवेश की प्राथमिकताओं में बदल दिया। इस सेमिनार ने मानकों, प्रसंस्करण अवसंरचना और संस्थागत वित्तपोषण में मौजूद खामियों की भी स्पष्ट रूप से पहचान की , जो एक ऐसे मिशन को दर्शाता है जो केवल नीति नहीं, बल्कि वास्तविक क्रियान्वयन पर केंद्रित है। इसमें प्रमुख प्राथमिकताएँ÷उत्पादन को पाँच वर्षों में 10,000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 10 लाख मीट्रिक टन तक पहुँचाना, गुणवत्ता मानकों का विकास करना, मशीनरी के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना, आयातित प्रसंस्करण तकनीक पर निर्भरता कम करना और खेती से लेकर मूल्य संवर्धन तक क्लस्टर आधारित फाइबर इकोसिस्टम का निर्माण करना सामने आई। ये सभी कदम मिलकर न्यू एज फाइबर्स को ग्रामीण समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मिशन बनाते हैं। शायद सबसे परिवर्तनकारी कार्य फाइबर ब्लेंडिंग है। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उन्हें समझदारी से संयोजित करने में निहित है—जैसे थर्मल हल्केपन के लिए मिल्कवीड, गर्माहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस, और कोमलता के लिए कपास। मिश्रित कपड़ा या ब्लेंडेड फैब्रिक कोई समझौता नहीं है; यह प्रदर्शन को उन्नत बनाना है - ऐसे कपड़े तैयार करना जो अधिक मजबूत, अधिक स्मार्ट और अधिक टिकाऊ हों, साथ ही बेहतर आराम, नमी सोखने की क्षमता, टिकाऊपन तथा फैशन, जीवनशैली और तकनीकी वस्त्रों में बहुपयोगिता प्रदान करें। इसके लाभ पूरी मूल्य श्रृंखला में फैलते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और कार्यक्षमता मिलती है, निर्माताओं को प्रीमियम और विशिष्ट उत्पाद विकसित करने का अवसर मिलता है, और किसानों को विविध प्रकार की मांग तथा अधिक मजबूत आय प्राप्त होती है। भारत के लिए, ब्लेंडिंग या मिश्रण केवल एक तकनीकी नवाचार भर नहीं है; यह कच्चे फाइबर आपूर्ति से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, मूल्य-संवर्धित और भारतीय पहचान से जुड़े ब्रांड्स तक पहुँचने का एक सेतु है। असल में, न्यू एज फाइबर मुहिम जीवन को रूपांतरित करने, किसानों के लिए अवसर सृजित करने, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सशक्त करने और उद्यमियों को स्थानीय संसाधनों से वैश्विक व्यवसाय खड़ा करने में सक्षम बनाने के बारे में है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी के 5एफ विज़न—खेत से फाइबर, कपड़े से फैशन और विदेश तक—से प्रेरित, भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है, और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत जो कर रहा है—फाइबर दर फाइबर, मिश्रण दर मिश्रण, क्षेत्र दर क्षेत्र, और खेत दर खेत—अपनी वस्त्र गाथा का अगला महान अध्याय लिख रहा है।

*****

**(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं)**

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, खूंटी द्वारा उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निदेर्शानुसार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में विभिन्न प्रतिष्ठित नियोजकों की सहभागिता रही तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। भर्ती कैम्प में कुल 09 नियोजकों ने भाग लिया। वहीं लगभग 56 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया। चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 17 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। कैम्प में नियोजकों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्थाओं से जोड़ने के उद्देश्य से नियमित रूप से ऐसे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी आनन्द कुमार, यंग प्रोफेशनल दीपक कुमार वर्मा, विभिन्न नियोजक प्रतिनिधि तथा जिला नियोजनालय, खूंटी के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आयोग ने किया मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए सम्मेलन

## झारखण्ड सहित 36 राज्यों के अधिकारियों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मीडिया नोडल अधिकारियों और सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों के साथ-साथ उन राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के जिला मीडिया नोडल अधिकारियों/ जिला जनसंपर्क अधिकारियों ने भाग लिया जहाँ मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' का तीसरा चरण चल रहा है, या जहाँ चुनाव होने वाले हैं।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मीडिया नोडल-सह-अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, सुबोध कुमार के साथ झारखंड राज्य के कुल 16 पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया, जिसमें राज्य स्तर के



अधिकारियों के साथ-साथ 15 जिलों के जिला जनसंपर्क अधिकारी शामिल रहे। देश भर से इस कार्यक्रम में 350 से अधिक मीडिया और संचार अधिकारियों ने भागीदारी की।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हाल ही में पांच राज्यों में संपन्न हुए चुनावों में स्वतंत्रता के बाद से अब तक की सबसे अभूतपूर्व जनभागीदारी देखी गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनका संचार समय पर हो, समझने में आसान हो और पूरी तरह से तथ्यों




व कानून पर आधारित हो।

चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने अपने संबोधन में कहा कि संचार का ध्यान केवल इनपुट (जानकारी देने) पर नहीं, बल्कि उसके प्रभाव पर होना चाहिए। वहीं, चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि आयोग के नियमों, निदेशों और दिशा-निदेशों को जनता तक आसानी से समझ में आने वाले प्रारूप में पहुंचाने में इन अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सम्मेलन की शुरूआत चुनाव चक्र (नामांकन से लेकर मतदान तक) के दौरान संचार रणनीतियों, महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रावधानों, कानूनों और मीडिया के साथ उनके तालमेल पर एक विस्तृत ओवरव्यू के साथ हुई। दिन भर चले इस सम्मेलन में निम्नलिखित विषयों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए जिसमें प्रेस नोट की योजना बनाना और मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रसार करना एवं भ्रामक सूचनाओं और झूठे नैरेटिव से निपटना। चुनावी साक्षरता क्लबों के माध्यम से युवा मतदाताओं को जोड़ना।

हाल ही में चुनाव वाले राज्यों के अधिकारियों द्वारा जमीनी अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जहाँ अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

# दिव्यांग बच्चों के नामांकन को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में 24 जून तक चलाए जा रहे दिव्यांग बच्चों के नामांकन हेतु विशेष अभियान के संबंध में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले का कोई भी योग्य दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे तथा उनका हर हाल में विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर अथवा अन्य माध्यमों से ऐसे दिव्यांग बच्चों की पहचान करें जो अब तक विद्यालय से जुड़े नहीं हैं तथा उनका शीघ्र नामांकन सुनिश्चित करें।



उपायुक्त ने दिव्यांग बच्चों के लिए बनाए जाने वाले यूआईडी कार्ड की प्रगति की भी समीक्षा की। इस संबंध में सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि यूआईडी कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाया जाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का यूआईडी कार्ड बनवाने हेतु सदर अस्पताल में संपर्क करें। साथ ही सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अन्य स्थानों पर भी यूआईडी कार्ड निर्माण की व्यवस्था विकसित करने पर चर्चा की गई।

बैठक में दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले व्हीलचेयर सहित अन्य सरकारी सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र बच्चों को समय पर सभी प्रकार के सरकारी लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने विद्यालयों में दिव्यांग अनुकूल आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए शौचालयों में रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि दिव्यांग बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उपायुक्त ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रत्येक दिव्यांग बच्चे तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों की संख्या राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम है, इसलिए इस विशेष नामांकन अभियान के माध्यम से विद्यालय से बाहर रह गए सभी दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित करने पर भी विशेष बल दिया गया।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीएनजी परियोजना में आई तेजी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक करीब 800 घरों में गैस आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शहर में कुल 132 किलोमीटर गैस पाइपलाइन बिछाई जानी है, जिसमे 110 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य इसी माह रखा गया है। वहीं करीब 40 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। पिछले दो वर्षों से रेलवे लाइन के कारण पाइपलाइन बिछाने की योजना प्रभावित थी, इस समस्या का हल निकाल लिया गया है। रेलवे लाइन के नीचे से पाइपलाइन विस्तार के बाद जुलाई से शहर के झंडा चौक, अड्डी बंगला, पूर्णिमा टाकिज, डाक्टर गली सहित अन्य वार्डों और मोहल्लों में कार्य शुरू किया जाएगा।

करीब 50 करोड़ रुपये की इस परियोजना को मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद झुमरीतिलैया के लोगों को रसोई गैस सिलेंडर की परेशानी से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।


वर्तमान में नवादा बस्ती, चित्रगुप्त नगर, आश्रम रोड, सीडी कालोनी, महात्मा गांधी रोड और पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में पीएनजी सुविधा पहुंच चुकी है। शहर के होटल रामेश्वरम, ग्रैंड सूर्या, स्वीट संगम व पाजी सहित कई प्रतिष्ठानों में भी पीएनजी कनेक्शन शुरू हो चुका है। कनेक्शन के लिए लोग 06534314388 पर संपर्क कर सकते हैं। यह सुविधा एलपीजी सिलेंडर की तुलना में अधिक सुरक्षित और किफायती बताई जा रही है।

शहर में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य दो चरणों में किया जा रहा है।

पहले चरण में रेलवे फाटक के एक तरफ पाइपलाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब दूसरे चरण में शहर के अन्य क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार का कार्य शुरू होगा। इस कार्य में 12 इंच मोटे स्टील पाइप का इस्तेमाल किया जा रहा है।

परियोजना के तहत डिस्ट्रिक्ट रेगुलेटरी स्टेशन (डीआरएस) के माध्यम से गैस आपूर्ति को नियंत्रित किया जाएगा। घरों तक मीडियम डेनसिटी पॉली एथिलीन पाइप से कनेक्शन दिया जाएगा। शहर के सभी 28 वार्डों में सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। सर्वे में गलियों की चौड़ाई, पाइपलाइन बिछाने की स्थिति और संभावित उपभोक्ताओं का आकलन किया गया है।

# पाताल महादेव का दर्शन-पूजन व जलाभिषेक शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बासुकीनाथ।** विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ स्थित ऐतिहासिक, पौराणिक शिवगंगा तट के बीचो-बीच स्थित कुंड में विराजमान पाताल महादेव का बुधवार से दर्शन पूजन व जलाभिषेक प्रारम्भ हो गया।

लंबे अरसे के बाद बासुकीनाथ के शिवगंगा की पूर्णतः जल निकासी व व्यापक साफ सफाई होने के उपरांत शिवगंगा के मध्य स्थित कुंड में विराजमान पाताल महादेव के दर्शन एवं पूजन को लेकर श्रद्धालुओं में भी काफी उत्सुकता देखी जा रही है।बुधवार को बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने शिवगंगा की सफाई में भी श्रमदान किया। पाताल महादेव के दर्शन के साथ ही पाताल महादेव के कब दर्शन होंगे इसकी चर्चा पर भी विराम लग गया। बासुकीनाथ से बाहर रहने वाले जिन श्रद्धालुओं को शिवगंगा की सफाई की जानकारी मिली थी।

वह भी अपने स्थानीय पंडा-पुरोहित एवं अन्य माध्यमों से शिवगंगा के पाताल महादेव के दर्शन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। स्थानीय पंडा-पुरोहित व श्रद्धालुओं की माने तो पाताल कुंड के दर्शन के साथ ही इसके दर्शन, जलाभिषेक एवं श्रृंगार पूजन का बुधवार से ही तांता लग गया है।

विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम के उत्तरी दिशा में स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व वाले शिवगंगा अपने गर्भ में कई पौराणिक कथा व ऐतिहासिक महत्व की वस्तुएं समेटे हुए हैं। उन्हीं में से एक है शिवगंगा के मध्य में स्थित कुंड में विराजमान पाताल शिवलिंग। पाताल शिवलिंग की महिमा निराली है। मान्यता है कि उसके दर्शन, पूजन मात्र से सभी जन्मों के पाप धूल जाते है व मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

बासुकीनाथ धाम स्थित शिवगंगा का इतिहास करीब 684 वर्ष पुराना है। इस पवित्र सरोवर के बीच स्थित एक कुंड में एक पवित्र शिवलिंग है। पिछले कई वर्ष पूर्व शिवगंगा की साफ-सफाई के दौरान कुंड मिला व तकरीबन पंद्रह-बीस फीट खुदाई पश्चात नीचे स्थित पाताल शिवलिंग के समीप सिंदुर, त्रिशूल व अन्य प्राचीन सामग्री सहित एक शिलापट्ट भी मिला। जिसमें शिवगंगा के स्थापना काल की तिथि 1342 ई. अंकित है। शिवगंगा के जल की पूर्ण रूपेण निकासी के बाद निकलने वाले इस पाताल शिवलिंग के पूजन को भक्तों का तांता लगा रहता है। इस शिवलिंग का दर्शन सिर्फ शिवगंगा के साफ सफाई व जल पूरी तरह से सूखने के दौरान ही संभव है। लोग इस पवित्र शिवलिंग का दर्शन व पूजन करने को सदैव लालायित रहते हैं।

भक्त बताते हैं कि जब शिवगंगा की सफाई होती है तो वे इस पवित्र शिवलिंग का दर्शन करने जरूर आते हैं।

वहीं इस पाताल शिवलिंग के प्रधान पुजारी अनिल पंडा, मंदिर के पुजारी सदाशिव पंडा, मनोज पंडा, योगेश पंडा सहित अन्य लोग भी इसकी महिमा विस्तार पूर्वक बताते हुए कहते है कि पाताल शिवलिंग के दर्शन होने पर नित्य दिवस संध्या के समय भक्तों के द्वारा विधि विधान पूर्वक श्रृंगार पूजन भी किया जाता है।

# अब चकुलिया में रहेंगे आवारा कुत्ते

## अब तक 32,046 कुत्तों का हो चुका है बंध्याकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के आवारा कुत्तों का आश्रय गृह अब चाकुलिया होगा क्योंकि धनबाद में डॉग लवर नहीं है और न हीं ऐसी कोई संस्था जो आवारा कुत्तों के लिए कार्य करती है।नगर निगम ने ऐसी संस्था को ढूढने के लिए खूब पसीना बहाया पर न केवल जिले बल्कि आस-पास के जिलों में भी ऐसी कोई संस्थान नहीं मिली।

जिसके बाद नगर निगम ने शहर के आवारा कुत्तों को चाकुलिया के डॉग सेल्टर होम में भेजने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य है कि आवश्यकता अनुसार आवारा कुत्तों के लिए सेल्टर होम में भेजने से उपचार एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो पाएगी।

नगर निगम धनबाद शहर में आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रण, डॉग बाइट की घटनाओं में कमी तथा रेबीज उन्मूलन के उद्देश्य से एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से कर रहा है।



नगर निगम ने अब तक लगभग 32,046 आवारा कुत्तों का बंध्याकरण (स्टरलाइजेशन) कर उन्हें एंटी रेबीज वैक्सीन दे चुका है। इसके साथ ही प्रतिदिन औसतन 25 कुत्तों को विभिन्न क्षेत्रों से पकड़कर उनका बंध्याकरण एवं टीकाकरण कराया जा रहा है।

एनिमल बर्थ कंट्रोल नियम, 2023 एवं निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप आवारा कुत्तों का बंध्याकरण, टीकाकरण एवं उपचार किया जा रहा है तथा उन्हें उनके मूल स्थान पर सुरक्षित छोड़ा जा रहा है।

डॉग बाइट के मामलों में कमी लाने हेतु पोस्ट बाइट एंटी रेबिज वेक्सिनेशन व्यवस्था सुदृढ़ रूप से संचालित किया जा रहा है। साथ ही प्रीवेंशन एंटी रेबिज वेक्सिनेशन अभियान भी चलाया जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों के सुव्यवस्थित प्रबंधन हेतु कुल 55 स्थलों को फीडिंग जोन के रूप में अधिसूचित किया गया है। जहां ही डॉग फीडिंग की व्यवस्था की गई है।

# स्कूटी सहित दो चोर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पोटका।** कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर-ओडिशा रोड से चोरी हुई एक स्कूटी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, स्कूटी की चोरी को लेकर कोवाली थाना में मामला दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होने के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। इसी क्रम में ओडिशा सीमा पर तिरिंग घाटी के समीप चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध स्कूटी को रोका।

जांच में स्कूटी चोरी की पाई गई। इसके बाद पुलिस ने स्कूटी को जब्त कर लिया तथा बागबेड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार को दोनों आरोपियोंराज राव एवं सोहेल अहमद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# सर्पदंश पीड़ित को सीएचसी में मिला त्वरित उपचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठा गांव निवासी श्रवण ठाकुर के 8 वर्षीय पुत्र कुणाल ठाकुर को बुधवार की देर रात घर में एक जहरीले सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ सुशील कुमार प्रसाद ने बिना देरी किए उसका उपचार शुरू किया।

सीएचसी एकमा में तैनात चिकित्सक डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने बालक को प्राथमिक उपचार प्रदान करते हुए दो एंटी-स्नेक वेनम दिया तथा उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। हालांकि छपरा में इलाज के दौरान उक्त बालक की मृत्यु हो गई।

घटना के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक आदि अन्य टोटकों आदि में समय गंवाने के बजाय मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं, ताकि समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उधर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साजन कुमार एवं बीएचएम वाहिद अख्तर ने बताया कि बीते गुरुवार की देर रात एक सर्पदंश पीड़ित बालक को पर जानू जरा द्वारा उपचार के लिए सी अच्छी लाया गया था। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा तत्काल चिकित्सा मुहैया कराते हुए दो वायल एंटी स्नेक वेनम का लगाने और उचित उपचार व सुविधा के साथ सदा सदा अस्पताल छपरा एंबुलेंस के द्वारा बेहतर चिकित्सा के लिए पहुंचाया गया था, जहां उसके उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल व प्रसारित होने वाली सूचना में यह बताया जाना कि एंटी स्नेक वेनम सीएचसी एकमा में उपलब्ध नहीं है। उसे खारिज करते हुए कहा कि पर्याप्त संख्या में कल रात में भी उपलब्ध था।

# जनता दरबार में सुने गये 102 मामले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, अररिया विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 102 मामलों की सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में मोहम्मद साजिद आलम ने निजी जमीन से बेदखल किए जाने के संबंध में, सलाउद्दीन ने बंदोबस्त से प्राप्त भूमि से बेदखल करने के संबंध में तथा सदानंद ठाकुर, सुरेंद्र प्रसाद शाह एवं देवानंद शर्मा ने निजी भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं।

# पटना में मनोज वाजपेयी और अदा शर्मा स्टारर फिल्म "गवर्नर" की स्पेशल स्क्रीनिंग

## दर्शकों ने की फिल्म की सराहना


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में मशहूर फिल्म अभिनेता मनोज बाजपेयी और केरला स्टोरी फेम अदा शर्मा अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म गवर्नर की स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन सीने पॉलिस में किया गया। स्क्रीनिंग में फिल्म से जुड़े कलाकारों, सिनेमा प्रेमियों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। फिल्म देखने के बाद दर्शकों ने इसकी कहानी, निर्देशन और कलाकारों के अभिनय की जमकर प्रशंसा की।

भारत के 1990 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म उस दौर की कहानी को सामने लाती है, जब देश आर्थिक चुनौतियों, महंगाई, ईंधन संकट और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। फिल्म में एक ऐसे ईमानदार और जिम्मेदार अधिकारी रमन की कहानी दिखाई गई है, जिन्हें अचानक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की जिम्मेदारी मिलती है और उन्हें देश को बड़े आर्थिक संकट से बाहर निकालने की चुनौती का सामना करना पड़ता है।

स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की सराहना करते हुए दर्शकों ने कहा कि गवर्नर केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि देश के इतिहास के उस महत्वपूर्ण दौर की झलक है, जिसे नई पीढ़ी को जानना चाहिए। फिल्म के विजुअल्स, 90 के दशक का माहौल और घटनाओं का प्रस्तुतीकरण काफी प्रभावशाली है।

फिल्म के निर्देशन की भी विशेष प्रशंसा की गई। दर्शकों का कहना था कि निर्देशक ने उस समय के सामाजिक और आर्थिक माहौल को बेहद वास्तविक तरीके से पर्दे पर उतारा है। मनोज बाजपेयी के अभिनय को लेकर कहा गया कि



उन्होंने अपने किरदार में गहराई और संवेदनशीलता भर दी है। उनकी खामोश अभिव्यक्ति और अभिनय की शैली फिल्म की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है।

अदा शर्मा के प्रदर्शन की भी तारीफ हुई। दर्शकों के अनुसार फिल्म युवाओं, खासकर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है क्योंकि यह बताती है कि कई ऐसे लोग भी देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो हमेशा सामने नहीं दिखाई देते। गवर्नर उन अनदेखे नायकों की कहानी है, जिनके फैसले देश की दिशा तय करते हैं। फिल्म शुक्रवार 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और उम्मीद है कि इसे दर्शकों का अच्छा प्यार मिलेगा।

## रिलायंस, वेदांता, अडानी... चीन को रोकने के लिए साथ आई भारत की त्रिमूर्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को दुर्लभ पृथ्वी खनिजों ( रेयर अर्थ एलिमेंट्स ) के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में मुकेश अंबानी की रिलायंस, अनिल अग्रवाल की वेदांता और



गौतम अडानी के अडानी ग्रुप ने हाथ आगे बढ़ाए हैं। भारत के इन तीनों बड़े औद्योगिक घरानों का उद्देश्य रेयर अर्थ के क्षेत्र में चीन के एकाधिकार को तोड़ना है। रॉयटर्स के मुताबिक ये तीनों दिग्गज कंपनियां आंध्र प्रदेश में इन महत्वपूर्ण खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए प्लांट लगाने की योजना बना रही हैं। केंद्र सरकार की ओर से दुर्लभ खनिजों के लिए चीन पर भारत की निर्भरता को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में आंध्र प्रदेश में सुविधाएं स्थापित करने के लिए करीब 10 कंपनियों ने अपनी रुचि दिखाई है, जिनमें ये तीन प्रमुख ग्रुप शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के पास इन दुर्लभ खनिजों का एक बहुत बड़ा खजाना मौजूद है, जो भविष्य की तकनीक के लिए बेहद जरूरी है। एक सरकारी मसौदा दस्तावेज के अनुसार आंध्र प्रदेश के पास 16 चिन्हित तटीय क्षेत्रों में दुर्लभ खनिजों सहित 211 मिलियन मीट्रिक टन समुद्र तट की रेत के खनिज संसाधन मौजूद हैं। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक पूरे भारत में 482.6 मिलियन टन दुर्लभ पृथ्वी अयस्क के संसाधन हैं। आंध्र प्रदेश सरकार का लक्ष्य अगले 10 साल में दुर्लभ पृथ्वी खनिजों और टाइटेनियम के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना है। इसी साल फरवरी में पेश किए गए केंद्रीय बजट में आंध्र प्रदेश को उन चार राज्यों में शामिल किया गया था, जहां माइनिंग, प्रोसेसिंग और मैग्नेट प्रोडक्शन को कवर करने वाले रेयर अर्थ कॉरिडोर्स विकसित किए जाएंगे। इससे पहले नवंबर में केंद्र सरकार ने रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 7300 करोड़ रुपये के कार्यक्रम को मंजूरी दी थी। रेयर अर्थ एलिमेंट्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों की मोटरों, रक्षा उपकरणों, स्मार्टफोन और स्थायी चुंबक बनाने में बड़े पैमाने पर होता है। भारत के पास इन खनिजों का बड़ा भंडार तो है, लेकिन वर्तमान में देश के पास औद्योगिक स्तर पर इन्हें उच्च शुद्धता तक प्रोसेस करने की आधुनिक तकनीक और सुविधाएं नहीं हैं। इसी कमी को दूर करने के लिए बड़ी निजी कंपनियां आगे आ रही हैं।

## 175 करोड़ रुपये की ब्लॉक डील, कंपनी के शेयरों में करीब 9 प्रतिशत की तेजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों की कीमतों में 9 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे की वजह 175 करोड़ रुपये की ब्लॉक डील है। बता दें, बीएसई में कंपनी के शेयरों का भाव 434.80 रुपये के स्तर पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का दाम 8.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 455 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। एक्सचेंज के डाटा के अनुसार विधी एस खांडेवाल ने 44.87 लाख शेयर के बेच दिए हैं। प्रमोटर ने 390 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से शेयरों की बिक्री की है। इस ब्लॉक डील की कुल वैल्यू 175 करोड़ रुपये की है। ब्लॉक डील गुरुवार को हुई थी। बता दें, प्रमोटर से 6.41 लाख शेयर खरीदे हैं। वहीं, मिराई एसेट म्यूचुअल फंड, और ट्रस्ट म्यूचुअल फंड ने भी शेयरों को खरीदा है। इनके अलावा भी कंपनी में हिस्सेदारी हासिल की है। पिछले तीन महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, इस साल अबतक यह स्टॉक 38 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। 6 महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 53 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का 52 वीक हाई 485.35 रुपये और 52 वीक लो लेवल 239 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 4800 करोड़ रुपये से अधिक बना हुआ है। जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स को लेकर एक्सपर्ट्स बुलिश हैं।

# 13 साल में खराब प्रदर्शन की तरफ बढ़ रहा सोना

## एक हफ्ते में इसमें 3.2 प्रतिशत गिरावट आई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद में आज कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है और यह दो महीने के लो पर चला गया। इस कारण आज भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में तेजी आई है। लेकिन इंटरनेशनल मार्केट में सोने और चांदी की कीमत में गिरावट जारी है। स्पॉट गोल्ड 0.5 प्रतिशत गिरावट के साथ 4,191.17 प्रति औंस पर आ गया। एक हफ्ते में इसमें 3.2 प्रतिशत गिरावट आई है। इस साल सोना अपने पीक से 25 फीसदी गिर चुका है और 13 साल में अपने सबसे खराब प्रदर्शन की तरफ बढ़ रहा है।

सोने को लंबे समय से अनिश्चितता के समय में सेफ-हेवन एसेट माना जाता था लेकिन इस बार धारणा धराशाई हो गई। सोने की कीमत इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 5,586 के पीक पर पहुंच गई थी। लेकिन ईरान युद्ध के बीच इसमें 25 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आई है। अगर सोने में इसी तरह गिरावट जारी रहती है, तो यह 2013 के बाद से सोने का सबसे खराब सालाना परफॉर्मेंस होगा। 13 साल पहले सोने की कीमत में 28 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई और ब्रेंट क्रूड 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। हालांकि हाल के दिनों में इसमें गिरावट आई है और काफी दिनों से यह 100 डॉलर से नीचे बना हुआ है। तेल की कीमत बढ़ने से महंगाई बढ़ती है क्योंकि तेल ट्रांसपोर्टेशन,



मैन्युफैक्चरिंग, पावर जेनरेशन और लॉजिस्टिक्स के लिए एक जरूरी इनपुट है। इसका बोझ आखिरकार ज्यादा कीमतों के जरिए कंज्यूमर्स पर पड़ता है।

बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं। यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। 21 देशों के इस ग्रुप में महंगाई पिछले 3 फीसदी से ऊपर चली गई जो 2 फीसदी के टारगेट से काफी आगे है। अब दूसरे देशों के सेंट्रल बैंकों के भी इसी रास्ते पर चलने की उम्मीद है। पॉलिसी रेट्स बढ़ने से बॉन्ड जैसे इंटरेस्ट-बेयरिंग एसेट्स की अपील बढ़ जाती है। साथ ही गोल्ड रखने की अपॉर्चुनिटी कॉस्ट बढ़ती है।

**प्रॉफिट बुकिंग:** पिछले साल सोने की कीमत में 66 प्रतिशत तेजी आई थी। इस साल निवेशकों ने इस पर प्रॉफिट बुकिंग की ने भी गिरावट में योगदान दिया है। टाटा म्यूचुअल फंड को उम्मीद है कि मिले-जुले मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतों के बीच सोने की कीमतें जल्द ही एक रेंज में रहेंगी।

## आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव लेकिन दो बड़े बैंकों ने बढ़ाई ब्याज दरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ बड़ौदा और केनरा बैंक ने अपनी चुनिंदा समय सीमा वाले लोन पर ब्याज दरों में 0.05 प्रतिशत ( 5 बेसिस पॉइंट्स ) तक की बढ़ोतरी कर दी है। ब्याज दरों में इस बढ़ोतरी के बाद अब ग्राहकों को ज्यादा पैसे देने पड़ सकते हैं। दोनों बैंकों की ये नई दरें आज से लागू हो गई हैं। केनरा बैंक ने शॉर्ट टर्म लोन की दरों में बदलाव किया है। एक दिन का एमसीएलआर 7.90 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.95 प्रतिशत कर दिया गया है। एक महीने का रेट 7.95 प्रतिशत से बढ़कर 8.00 प्रतिशत और तीन महीने का रेट 8.20 प्रतिशत से बढ़कर 8.25 प्रतिशत हो गया है।

छह महीने के लिए एमसीएलआर 8.55 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.60 प्रतिशत कर दिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने पांच अलग-अलग समय सीमा वाले लोन पर ब्याज 0.05 प्रतिशत बढ़ाया है। एक दिन का रेट 7.80 प्रतिशत से बढ़कर 7.85 प्रतिशत और एक महीने का रेट 7.90 प्रतिशत से बढ़कर 7.95 प्रतिशत हो गया है। तीन महीने का अब 8.20




प्रतिशत और छह महीने का 8.50 प्रतिशत होगा। वहीं, एक साल डीएस आधार पर ज्यादातर रिटेल लोन (जैसे पर्सनल या ऑटो लोन) तय होते हैं, उसे 8.70 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.75 प्रतिशत कर दिया गया है। बैंक ने भी 8 जून से अपने ज्यादातर लोन की ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। एक दिन का एमसीएलआर 8.10 प्रतिशत, 3 महीने का 8.20 प्रतिशत और 6 महीने का 8.35 प्रतिशत कर दिया गया है। एक साल का रेट 8.35 प्रतिशत से बढ़कर 8.40 प्रतिशत हो गया है। सबसे बड़ी बढ़ोतरी 2 साल वाले लोन पर हुई है, जहां रेट 0.10 प्रतिशत बढ़कर 8.55 प्रतिशत हो गया है।

# तीन बिजनेस फेल हुए, 2 करोड़ रुपये डूबे

## फिर 1 लाख रुपये से खड़ी कर दी 10 करोड़ की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर इरादे मजबूत हों और खुद पर भरोसा हो, तो बिना किसी गॉडफादर या भारी-भरकम फंडिंग के भी सफलता का आसमान छुआ जा सकता है। इस बात को सच कर दिखाया है नवी मुंबई के एक साधारण मिडिल क्लास परिवार से ताल्लुक रखने वाले पंकज श्रीवास्तव ने। पंकज आज डिजिटल मार्केटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम बन चुके हैं। वह यूनोसर्च के फाउंडर और सीईओ हैं। इस कंपनी से पहले उनके 3 बिजनेस फेल हो गए थे और करीब 2 करोड़ रुपये डूब गए थे।

पंकज श्रीवास्तव का जन्म एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पूरे परिवार की पृष्ठभूमि नौकरीपेशा वाली थी और पहले कभी किसी ने भी बिजनेस नहीं किया था। पंकज ने अपनी लगन से एमसीए की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद उनका चयन देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में हो गया। नौकरी के दौरान उनके बेहतरीन काम को देखते हुए उन्हें अमेरिका जाकर काम करने का शानदार मौका मिला।



### नौकरी छोड़ लिया बड़ा जोखिम

अमेरिका में पंकज के पास एक बेहतरीन सैलरी, सुरक्षित करियर और आरामदायक लाइफस्टाइल थी। लेकिन उनके मन में हमेशा से खुद का कुछ शुरू करने का एक सपना था। पंकज बताते हैं कि अमेरिका के नौकरी दौरान ही उन्होंने बिजनेस करने के बारे में सोच लिया था। पंकज के मुताबिक अमेरिका के अधिकतर लोग नौकरी की जगह अपना बिजनेस करना पसंद करते हैं। यहीं से उन्हें बिजनेस करने की प्रेरणा मिली। आखिरकार उन्होंने एक बड़ा जोखिम लेने का फैसला लिया। अमेरिका में करीब 4 साल नौकरी करने के बाद उन्होंने वह नौकरी छोड़ी और भारत लौट आए। साल 2008 में भारत आने के बाद उन्होंने बिजनेस की दुनिया में कदम रखा। शुरुआती दौर उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। पंकज ने किसी निवेशक से पैसे लेने के बजाय अपनी खुद की जमा-पूंजी से कारोबार शुरू किया। उनका पहला बिजनेस नहीं चला और जल्दी बंद करना पड़ गया। इसके बाद उन्होंने दूसरा बिजनेस शुरू किया। वह भी नहीं चला और उसे भी बंद करना पड़ा। फिर तीसरा बिजनेस शुरू किया। इसका भी हश्र पहले और दूसरे बिजनेस की तरह हुआ। साल 2014 तक उनके तीन बिजनेस फेल हो गए थे।

### परिवार की मदद से फिर शुरू की कंपनी

लगातार 3 बिजनेस फेल होने के बाद उनका जमा-पूंजी खत्म हो गई थी। उन्हें करीब 2 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। साल 2014 में उन्होंने यूनोसर्च शुरू की। इसे शुरू करने के लिए उन्होंने परिवार और जानकारों से आर्थिक मदद लेनी पड़ी। उन्होंने करीब एक लाख रुपये की शुरुआती रकम से यूनोसर्च शुरू की थी। पंकज के मुताबिक उन्होंने यूनोसर्च की शुरुआत अपनी पत्नी प्रेरणा के साथ की थी। धीरे-धीरे कंपनी ने रफ्तार पकड़ी। साल 2016 में रिलायंस जियो की शुरुआत के बाद देश में इंटरनेट का विस्तार हुआ और कंपनी को गति मिली। आज उनके पास करीब 150 क्लाइंट हैं, जिनमें से ज्यादातर अमेरिकी हैं। उनकी टीम में 80 से ज्यादा लोग हैं।

# 6 लाख करोड़ की लॉटरी ! ट्रंप ने करा दी निवेशकों की मौज

## कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 1000 अंक उछल गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद में आज शेयर बाजार में शानदार तेजी आई है। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 1000 अंक उछल गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी10 इंडेक्स करीब 275 अंक ऊपर ट्रेड कर



रहा है। सुबह 9.20 बजे सेंसेक्स 981.88 अंक यानी 1.33 प्रतिशत तेजी के साथ 74,814.43 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी भी 280 अंक यानी 1.21 प्रतिशत ऊपर 23,441.60 अंक पर ट्रेड कर रहा था। इस बीच रुपया भी डॉलर के मुकाबले शुरुआती कारोबार में 60 पैसे मजबूत होकर 95.25 पर पहुंच गया। इस तेजी से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 459 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयर तेजी के साथ खुले। इंडिगो में सबसे ज्यादा 3.29 फीसदी तेजी रही। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, मारुति, एचडीएफसी बैंक, इटरनल, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी ओर टेक महिंद्रा का शेयर मामूली गिरावट के साथ खुला।

### ब्रॉडर मार्केट का हाल

निफ्टी में लार्सन एंड टुब्रो, श्रीराम फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन में सबसे ज्यादा तेजी रही। ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप में 1.38 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप में 1.61 फीसदी तेजी आई। सेक्टरवाइज देखें तो निफ्टी रियल्टी, निफ्टी ऑटो और निफ्टी ऑटो में तेजी रही जबकि निफ्टी आईटी, और निफ्टी फार्मा में गिरावट रही।

### शेयर बाजार में क्यों आई तेजी?

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ डील पर सहमति बन गई है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का भी आदेश दिया है। उनका कहना है कि अगले कुछ दिनों में डील पर साइन हो जाएंगे।

# सेबी का नया प्रस्ताव, एक्सचेंज के मौजूदा ढांचे में आएगा बड़ा बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाजार को रेगुलेट करने वाली संस्था सेबी ने एक नया प्रस्ताव दिया है। इसके अनुसार प्री ओपनिंग काल ऑक्शन के दौरान प्रयोग किया जाने वाला बेस प्राइस और कई एक्सचेंज में लिस्टेड स्टॉक के रोजाना प्राइस बैंड में एकरुपता लाना है। यह प्रस्ताव का मकसद दो या उससे अधिक एक्सचेंड के कीमत के अंतर को दूर करना है। कई बार यह देखने को मिलता है कि किसी एक एक्सचेंज में काफी हलचल है जबकि दूसरे में निवेशक शांत हैं। इसी वजह से कीमतों में अंतर पैदा हो जाता है। इस समय जो नियम लागू हैं उसके अनुसार ऐसे स्टॉक जो डेरिवेटिव सेगमेंट में ट्रेड नहीं करते हैं उनके लिए एक स्पेशल प्राइस बैंड लागू होता है। यह पिछले दिनों की क्लोजिंग की तुलना में 20 प्रतिशत तक हो सकता है। पिछले दिनों की क्लोडिंग प्राइस प्री ओपनिंग सेशन के लिए रेफरेंस का भी काम करता है। बता दें, हर एक एक्सचेंज



अपना क्लोजिंग प्राइस देखता है। ऐसे में अगर किसी एक एक्सचेंज पर कोई शेयर कई दिनों तक ट्रेड ही नहीं कर रहा है जबकि दूसरे एक्सचेंज पर ट्रेडिंग हो रही है तो इस स्थिति में कीमतों में अंतर आ सकता है। इसी को ठीक करने के लिए सेबी की तरफ से नया प्रस्ताव दिया गया है।

सेबी के नए प्रपोजल के अनुसार अगर कोई स्टॉक दो एक्सचेंज पर रजिस्टर्ड है। लेकिन एक पर ट्रेड नहीं कर रहा है। और दूसरे पर ट्रेड कर रहा है। तो इस स्थिति में एक्टिव एक्सचेंज का क्लोजिंग प्राइस ही दोनों एक्सचेंज के लिए मान्य होगा। वहीं, अगर दो से अधिक एक्सचेंज पर कोई स्टॉक ट्रेड कर रहा है। लेकिन किसी कारणवश एक एक्सचेंड पर ट्रेडिंग किसी दिन नहीं हुई। तो अगले दिन बेस प्राइस के लिए जिस एक्सचेंज पर सबसे ज्यादा वैल्यूएम उस स्टॉक का रहेगा उसे ही माना जाएगा। सेबी के अनुसार यह देखा गया है कि इस तरह की समस्या लिक्विड सिक्योरिटीज में देखने को मिलता है।

### टाटा स्टील पर ब्रोकरेज का फोकस

# टाटा स्टील के शेयर पर फिदा है ब्रोकरेज, 235 रुपये का दिया टारगेट प्राइस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी- टाटा स्टील के शेयर में भले ही सुस्त माहौल हो लेकिन इसको लेकर ब्रोकरेज बुलिश हैं। ब्रोकरेज एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग ने मेटल्स और




माइनिंग सेक्टर पर अपनी रिपोर्ट में कुछ स्टील कंपनियों का जिक्र किया है। ब्रोकरेज ने कहा कि वह उन स्टील कंपनियों को प्राथमिकता देती है जिनकी बाजार में मजबूत पकड़ है और जिनका रॉ मटीरियल इंटीग्रेशन बेहतर है। ये वो कंपनियां हैं जिनका कर्ज कम है और जिनकी घरेलू बाजार में अच्छी-खासी मौजूदगी है। ब्रोकरेज का कहना है कि कंपनी के पोर्टफोलियो में 75 प्रतिशत फ्लैट प्रोडक्ट्स हैं और वह अपने 5 एमटीपीए कलिंगनगर ब्लास्ट फर्नेस और 2.2 एमटीपीए कोल्ड रोलिंग मिल कॉम्प्लेक्स की क्षमता बढ़ा रही है। एंटीक ने कहा कि टाटा स्टील ने लागत कम करने के कई कदम उठाए हैं। इससे बढ़ोतरी होगी। हालांकि कोकिंग कोल की ज्यादा लागत से इस फायदे पर कुछ असर पड़ सकता है। टाटा स्टील के शेयर की बात करें तो 198 रुपये पर है। ब्रोकरेज एंटीक ने टाटा स्टील शेयर के लिए टारगेट ?235 दिया है। बता दें कि 15 मई को शेयर 224.40 रुपये तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। वहीं, शेयर का 52 वीक लो 149.70 रुपये है। इस बीच, खबर है कि टाटा स्टील की ब्रिटेन में 1.25 अरब पाउंड की कम कॉर्बन उत्सर्जन की स्टील परियोजना की समयसीमा छह से आठ महीने तक आगे खिसक सकती है। कंपनी को परियोजना के लिए आवश्यक बिजली कनेक्शन प्राप्त करने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि टाटा स्टील ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट संयंत्र में 32 लाख टन क्षमता वाला इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) स्थापित कर रही है। यह प्लांट पुराने ब्लास्ट फर्नेस की जगह लेगा और कंपनी की कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की रणनीति का प्रमुख हिस्सा है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) कौशिक चटर्जी ने बताया कि टाटा स्टील ब्रिटेन सरकार, राष्ट्रीय ग्रिड और इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम ऑपरेटर (ईएसओ) के साथ मिलकर इस देरी के प्रभाव को कम करने के प्रयास कर रही है।

# एलन मस्क पर 'स्पेस' से डॉलर की बारिश, नेटवर्थ 971 अरब डॉलर, कई देशों की जीडीपी से अधिक हुई दौलत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की संपत्ति में ऐसा उछाल आया है जिसने अरबपतियों की दुनिया के सारे रिकॉर्ड हिला दिए हैं। एलन मस्क पर 'स्पेस' से डॉलर की इतनी बारिश हुई कि एक ही दिन में उनकी दौलत में 274 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह रकम कई देशों की पूरी अर्थव्यवस्था से भी बड़ी है। अगर मस्क के नेटवर्थ की बात करें तो वह खरबपति बनने से केवल 29 अरब डॉलर दूर हैं। उनकी संपत्ति में यह उछाल उनके स्केक्स के आईपीओ से आया है।

अगर दुनिया के कई देशों की जीडीपपी से तुलना करें तो मस्क के पास आयरलैंड (779.38 अरब डॉलर), बेल्जियम (776.73 अरब डॉलर), स्वीडन (760.48 अरब डॉलर), इजरायल (719.85 अरब डॉलर), अर्जेंटिना (688.38 अरब डॉलर) की जीडीपी से भी अधिक है।

भारत के कई राज्यों सालाना बजट से कई गुना है मस्क की 1 दिन



की कमाई मस्क की सिर्फ एक महीने की 274 अरब डॉलर की संपत्ति वृद्धि भारतीय रुपये में करीब 26.27 लाख करोड़ रुपये बैठती है। यह रकम भारत के कई राज्यों के वार्षिक बजट से कई गुना अधिक है। तुलना करें तो यह राशि भारत की कई बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों के संयुक्त मार्केट कैप के बराबर है।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक साल 2026 की शुरुआत से ही उनकी संपत्ति में 351 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है, जो 56.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। इस चौंकाने वाली छलांग के पीछे सबसे बड़ी वजह मस्क की अंतरिक्ष कंपनी है। जून 2026 में के शेयरों का वैल्युएशन 135 डॉलर प्रति शेयर के ऑफर प्राइस पर किया गया, जिससे मस्क की हिस्सेदारी का मूल्य अचानक बढ़ गया। इसके अलावा मई 2026 में से जुड़ी 45 अरब डॉलर की लायबिलिटी को उनकी नेटवर्थ गणना से हटा दिया गया। इससे भी उनकी कुल संपत्ति में भारी बढ़ोतरी दर्ज हुई। मस्क के पास लगभग 4.76 अरब शेयर हैं। कंपनी के नए वैल्युएशन ने उनकी संपत्ति को रॉकेट की रफ्तार दे दी है। मस्क इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी के सीईओ हैं और कंपनी में उनकी करीब 11 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### दक्षिण अफ्रीका से दुनिया का सबसे अमीर इंसान बनने तक का सफर

1971 में दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में जन्मे मस्क ने 10 साल की उम्र में अपना पहला कंप्यूटर खरीदा था। 12 साल की उम्र में उन्होंने नाम का वीडियो गेम बनाया और बेच दिया। इसके बाद कंपनियों के जरिए उन्होंने तकनीक, ऊर्जा, पेमेंट और अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। प्राइस के आधार पर मार्केट कैप 1.77 ट्रिलियन डॉलर आंका गया है, जबकि स्टॉक ऑप्शन और अन्य हिस्सेदारी को जोड़ने पर इसका पूर्ण मूल्यांकन करीब 1.8 ट्रिलियन डॉलर बैठता है। इस वैल्यूएशन के साथ दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक कंपनियों में शामिल हो गई है और इसका साइज एलन मस्क की दूसरी कंपनी टेस्ला से भी बड़ा हो गया है।



# क्या शादी करने वाली हैं जेनिफर विंगेट?

## सिंगापुर के बिजनेसमैन से जोड़ा जा रहा नाम

**ऐसा लगता है कि एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट अपनी पर्सनल लाइफ के एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मशहूर टीवी स्टार जेनिफर ने सिंगापुर के बिजनेसमैन इश्माएल विलियम से सगाई कर ली है। बताया जाता है कि अब यह कपल अपनी शादी की प्लानिंग कर रहा है।**

### रिश्ते में हैं जेनिफर


41 साल की एक्ट्रेस के करीबी सूत्रों ने बताया है कि जेनिफर और इश्माएल कुछ समय से रिश्ते में हैं और अब रिश्ते को अगले लेवल पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेनिफर और विलियम साथ में बहुत खुश हैं। विलियम ने छुट्टियों के दौरान जेनिफर को प्रपोज किया और उन्होंने हां कह दिया। अब वे अपनी शादी की प्लानिंग कर रहे हैं।

### कब हो सकती है शादी?

बताया जाता है कि कपल क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी करने पर विचार कर रहा है। अभी शादी की तारीख और जगह फाइनल नहीं हुई है। वह सितंबर-अक्टूबर में शादी करने पर विचार कर रहे हैं। अगर इन महीनों में शादी ना हुई, तो वह दिसंबर-जनवरी में शादी कर सकते हैं। हालांकि जेनिफर ने इन खबरों पर पब्लिकली कोई कमेंट नहीं किया है लेकिन उनकी कथित सगाई और शादी की प्लानिंग की चर्चा ने फैंस को काफी एक्साइटेड कर दिया है।

### जेनिफर की निजी जिंदगी

हाल के वर्षों में जेनिफर ने अपनी पर्सनल लाइफ को लाइमलाइट से काफी हद तक दूर रखा है। एक्ट्रेस की पहले करण सिंह ग्रोवर से शादी हुई थी। उन्होंने अप्रैल 2012 में शादी की थी। दो साल बाद वे अलग हो गए और 2014 में उनका ऑफिशियल तलाक हो गया। बाद में करण सिंह ग्रोवर ने 2016 में एक्ट्रेस बिपाशा बसु से शादी की।



# क्या बायोपिक में एमएस सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभाएंगी रश्मिका मंदाना?

कर्नाटक संगीत की महान गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की जिंदगी पर एक बायोपिक फिल्म बनने जा रही है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना एमएस सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभा सकती हैं।

### मुख्य अभिनेत्री को लेकर सस्पेंस

फिल्म में मुख्य भूमिका कौन निभाएगा, इसे लेकर अभी अलग-अलग जानकारी आ रही हैं। 123 तेलुगु के अनुसार, रश्मिका मंदाना को एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक के लिए चुना गया है। बताया जा रहा है कि हाल ही में इसके लिए उनके घर पर एक लुक टेस्ट भी हुआ है। हालांकि, कुछ समय पहले यह जानकारी आई थी कि रश्मिका या साई पल्लवी की जगह रुक्मिणी वसंत को इस रोल के लिए साइन किया गया है। लेकिन सबसे पहले चर्चा थी कि साई पल्लवी यह किरदार निभाएंगी और उन्होंने इसके लिए कर्नाटक संगीत सीखना भी शुरू कर दिया है। बहरहाल, फिल्म मेकर्स की तरफ से अभी तक किसी भी नाम पर आधिकारिक पुष्टि नहीं दी है।

### बायोपिक का निर्देशन

एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक पर बन रही इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्ननुरी करेंगे। गौतम तिन्ननुरी को सुपरहिट फिल्म 'जर्सी' बनाने के लिए जाना जाता है। गौतम काफी समय से इस कहानी पर रिसर्च कर रहे हैं।

### 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी रश्मिका


रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। इसके लिए रश्मिका ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। फिल्म 'कॉकटेल 2', 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं ।



# 28 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी श्रद्धा कपूर की फिल्म 'ईथा'

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सुपरहिट फिल्म 'स्त्री 2' के बाद, फैंस श्रद्धा की अगली फिल्म 'ईथा' का काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर इस फिल्म की रिलीज का एलान कर दिया है।

श्रद्धा कपूर की फिल्म 'ईथा' इसी साल 28 अगस्त को 2026 को रक्षाबंधन के त्योहार पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साल 2025 में फिल्म 'छावा' बनाने के बाद, निर्माता दिनेश विजन और निर्देशक लक्ष्मण उतेकर एक बार फिर इस फिल्म के लिए साथ आए हैं। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर के साथ रणदीप हुडा और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। 'ईथा' की कहानी महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार विथाबाई भाऊ मंग नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित एक बायोपिक है। इसमें 1940 से लेकर 1990 के दशक तक के उनके सफर, उनकी सफलता और उनके जीवन के संघर्षों को दिखाया जाएगा। श्रद्धा कपूर की पिछली फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस




पर ब्लॉकबस्टर रही थी। राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने भी एक कैमियो किया था।



# अरशद वारसी ला रहे डार्क कॉमेडी क्राइम थ्रिलर 'जीवन भीमा योजना'

अभिनेता अरशद वारसी एक डार्क कॉमेडी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'जीवन भीमा योजना' लेकर आ रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर आज सामने आया है। इस फिल्म में अरशद वारसी डबल रोल में नजर आएंगे। अपने करियर में पहली बार अरशद किसी फिल्म में दोहरी भूमिका निभाएंगे। आज फिल्म का टीजर रिलीज किा गया है। जानिए कब रिलीज होगी अरशद की ये फिल्म? 1 मिनट 16 सेकंड के इस टीजर में कॉमेडी और ड्रामा की पूरी झलक दिखती है। साथ ही दिखता है कि कैसे कॉमेडी ऑफ इरर्स से होता है पूरा हंगामा। टीजर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि अरशद वारसी के एक किरदार की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाती है। फिर अरशद का दूसरा किरदार अपने हमशक्ल की मौत का फायदा उठाकर बीमा की रकम हासिल करने की कोशिश करता है। लेकिन ये इतना आसान नहीं रहने वाला है।

### ऐसी है कहानी

अरशद वारसी इस फिल्म में दो हमशक्ल व्यक्तियों की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी जिंदगी अप्रत्याशित और खतरनाक तरीके से एक-दूसरे से जुड़ जाती है। इसके बाद शुरू होती है अपराध, धोखे और डार्क ह्यूमर से भरपूर घटनाएं। 'जीवन भीमा योजना' लालच, मजबूरी, प्यार और एक गलत फैसले के दूरगामी परिणामों की कहानी है। फिल्म जीवन और उसकी पत्नी योजना के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। उनकी जिंदगी




में तब बड़ा मोड़ आता है, जब उन्हें भीमा नाम का एक व्यक्ति मिलता है, जो हूबहू जीवन जैसा दिखता है। दोनों एक ऐसी योजना बनाते ,हैं जिसमें जीवन की मौत का नाटक कर बीमा की रकम हासिल की जा सके। लेकिन यह आसान योजना तब बुरी तरह उलझ जाती है, जब मरा समझा गया व्यक्ति हीरे की तस्करी से जुड़े एक खतरनाक गिरोह से संबंध रखता हुआ निकलता है।

### पूरी हो चुकी है फिल्म की शूटिंग

अभिषेक डोगरा द्वारा निर्देशित 'जीवन भीमा योजना' अंशु मिश्रा द्वारा स्टार बीम वेंचर्स लिमिटेड के बैनर तले निर्मित है। इस फिल्म में अरशद वारसी के अलावा संजीदा शेख, विजय राज, पूजा चोपड़ा और बिजेंद्र काला जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिल्म मानसून 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# अनीस बज्मी ने 'नो एंट्री 2' को लेकर किया बड़ा खुलासा

हाल ही में फिल्म को लेकर देरी, शेड्यूल की दिक्कतों और कास्ट में बदलाव की खबरें सामने आई थीं। इस लंबे समय से इंतजार की जा रही सीक्वल को लेकर काफी समय से अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन फिल्म अब भी चर्चा में बनी हुई है। उम्मीद की जा रही है कि इस बार फिल्म में वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ जैसे नए कलाकार नजर आएंगे। देरी को लेकर बात करते हुए अनीस बज्मी ने कहा कि कुछ फिल्मों को बनने में उम्मीद से ज्यादा समय लग जाता है, लेकिन टीम पूरी कोशिश कर रही है कि 'नो एंट्री 2' बनकर तैयार हो। उन्होंने कहा, 'कुछ फिल्मों की कुंडली होती है। मैं मानता हूं कि कुंडली होती है। कभी कोई फिल्म जल्दी बन जाती है, कभी देर से बनती है। लेकिन इंशाल्लाह, हम सबकी कोशिश है कि ये फिल्म बने।'

### लोग इस फिल्म को बहुत पसंद करेंगे

फिल्ममेकर ने आगे बताया कि उन्होंने 'नो एंट्री 2' को बहुत प्यार से लिखा है और यह उनकी सबसे अच्छी लिखी गई फिल्मों में से एक है। उन्होंने माना कि इस प्रोजेक्ट में समय लगा है, लेकिन फिल्म जरूर आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म से जुड़े सभी लोग इसे लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। 'जो भी लोग इस फिल्म से जुड़े हुए हैं, सब बहुत एक्साइटेड हैं। और लोग इस फिल्म को बहुत पसंद करेंगे,' उन्होंने कहा।





# हंसते-हंसाते समाज का सच दिखाना ज्यादा असरदार

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आज भी अपनी शानदार अदाकारी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। पिछले कई दशकों से वह दर्शकों का मनोरंजन करती आ रही हैं और हर दौर में खुद को नए किरदारों के साथ साबित कर रही हैं। इन दिनों उनकी नई फिल्म 'मां बहन' चर्चा में है। फिल्म को लेकर बात करते हुए माधुरी दीक्षित ने मनोरंजन और समाज के रिश्ते पर अपने विचार साझा किए। उनका मानना है कि अगर किसी जरूरी बात को लोगों तक पहुंचाना हो, तो मनोरंजन से बेहतर तरीका कोई नहीं हो सकता। माधुरी दीक्षित ने बातचीत में कहा, ''जब लोग किसी फिल्म या शो को देखने बैठते हैं, तो उनका मकसद कुछ समय के लिए तनाव से दूर होकर अच्छा समय बिताना होता है। ऐसे में अगर कहानी के जरिए समाज की सच्चाई भी दिखाई जाए, तो उसका असर कहीं ज्यादा होता है। लोग हंसते हुए भी यह समझ सकते हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है और समाज में कौन-सी बातें सही हैं या गलत। मनोरंजन के साथ दिया गया संदेश लोगों के दिल और दिमाग तक आसानी से पहुंचता है।'' अभिनेत्री ने आगे कहा, ''किसी बात को बार-बार समझाने या उपदेश देने से लोग कई बार दूरी बना लेते हैं। लेकिन, जब वही बात मजेदार और दिलचस्प तरीके से दिखाई जाती है, तो लोग उसे ध्यान से देखते हैं और उस पर सोचते भी हैं। फिल्मों और कहानियों की यही सबसे बड़ी ताकत है। मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जिनमें मनोरंजन भी हो और कोई अच्छा संदेश भी छिपा हो।''

इसके अलावा, माधुरी ने समाज में महिलाओं और पुरुषों के प्रति अलग-अलग नजरिए की बात करते हुए पितृसत्तात्मक सोच पर सवाल उठाया। माधुरी ने कहा, 'यह एक पितृसत्तात्मक समाज है जो प्यार और रिश्तों के मामलों में आज भी दोहरे मापदंड अपनाता हुआ आया है। अगर कोई पुरुष गर्लफ्रेंड बनाता है तो उसे रोमियो कहा जाता है, लेकिन अगर कोई महिला वैसा ही करती है तो उसे बुरा-भला कहा जाता है और नकारात्मक नजरिए से देखा जाता है।' अभिनेत्री ने कहा, ''मेरी फिल्म 'मां बहन' इन्हीं पुरानी परंपराओं और नियमों को चुनौती देती है। फिल्म में महिलाओं को मजबूत और पारंपरिक नियमों को तोड़ने वाला किरदार दिया गया है। हर महिला सम्मान और गरिमा के साथ जीने की हकदार है।'' 'मां बहन' का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। फिल्म में माधुरी के साथ तृप्ति डिमरी, धारणा दुर्गा, रवि किशन, गीतांजलि कुलकर्णी, अरुणोदय सिंह और शार्दुल भारद्वाज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



फीफा वर्ल्ड कप

## डीडी स्पोर्ट्स पर देख सकेंगे चुनिंदा मुकाबलों का मुफ्त टेलीकास्ट




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 11 जून की देर रात (भारतीय समय के अनुसार) से होगी। भले ही भारत इस विश्व कप में हिस्सा नहीं ले रहा, लेकिन देश में फीफा विश्व कप को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। फैंस 'जी नेटवर्क' पर इन मुकाबलों का लुत्फ उठा सकते हैं, लेकिन कुछ मुकाबले 'डीडी स्पोर्ट्स' पर मुफ्त में देख सकेंगे। मेक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच ओपनिंग मैच 11 जून की देर रात 12:30 बजे से खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल 10 से 12 जुलाई के बीच आयोजित होंगे, जबकि सेमीफाइनल 15 और 16 जुलाई को टेलीकास्ट होंगे। फाइनल 20 जुलाई को होगा। फुटबॉल के इस महाकुंभ में कुल 48 टीमें ट्रॉफी के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे। इस मल्टीनेशनल टूर्नामेंट की मेजबानी मेक्सिको, कनाडा और अमेरिका मिलकर करेंगे, जिसमें कुल 104 मैच खेले जाएंगे। इस नए फॉर्मेट में चार-चार टीमों के 12 ग्रुप बनाए गए हैं। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ 8 सबसे अच्छी टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी, जिससे पारंपरिक 'राउंड ऑफ 16' से पहले एक नया 'राउंड ऑफ 32' बनेगा।

ईरान की चेतावनी

## बिना इजाजत वाले झंडे व टीम के खिलाफ नारेबाजी की तो रोक सकते हैं मैच

**नई दिल्ली।** ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने चेतावनी दी है कि अगर फीफा वर्ल्ड कप मुकाबलों के दौरान स्टेडियम में आधिकारिक रूप से स्वीकृत नहीं किए गए झंडे प्रदर्शित किए गए, या राष्ट्रीय टीम के खिलाफ नारेबाजी की गई, तो ईरानी टीम मैच रोक सकती है। ईरान 'ग्रुप-जी' में है। इस टीम का पहला मुकाबला 15 जून को लॉस एंजिल्स में न्यूजीलैंड से होगा। 21 जून को उसी जगह पर ईरानी टीम बेल्जियम से भिड़ेगी, जबकि 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ इस टीम का सामना होगा। ईरानी मीडिया के अनुसार, दुन्यामाली ने मंगलवार को कहा, 'हमने फीफा को बता



दिया है कि जहां ईरान वर्ल्ड कप में खेलेगा, अगर उन स्टेडियम में आधिकारिक रूप से स्वीकृत नहीं किए गए झंडे लाए जाते हैं या राष्ट्रीय टीम के खिलाफ नारे लगाए जाते हैं, तो टीम मैनेजर निश्चित रूप से मैच रोकने के लिए जिम्मेदार होगा।'

मंत्री ने आगे कहा कि ईरानी अधिकारियों को टीम के ग्रुप-स्टेज के आखिरी मैच को लेकर आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा, 'हमें भरोसा दिलाया गया है कि मिस्र के खिलाफ मुकाबले के दौरान स्टेडियम में कोई भी गड़बड़ी वाली घटना नहीं होगी।'

ये टिप्पणियां टूर्नामेंट में ईरान की भागीदारी पर बढ़ती छानबीन के बीच आई हैं। अप्रैल में, वैंकूवर में फीफा कांग्रेस के बाहर प्रदर्शनकारी जमा हुए, जिन्होंने ईरान को वर्ल्ड कप से बाहर करने की मांग की। उनका तर्क था कि राष्ट्रीय टीम ईरानी लोगों के बजाय इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का प्रतिनिधित्व करती है। मिस्र के खिलाफ ईरान के मैच ने भी तब ध्यान खींचा जब दोनों देशों के फुटबॉल संघों ने कथित तौर पर फीफा से खेल के दौरान एलजीबीटीक्यू+ प्राइड से जुड़ी गतिविधियों को रोकने का आग्रह किया।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 शुरु

जूलियन ने रचा इतिहास, दागा सबसे तेज गोल

# पहले मैच में मेक्सिको ने साउथ अफ्रीका को हराया

जूलियन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच के आठवें मिनट में मेक्सिको के लिए पहला गोल किया। यह फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी ओपनिंग मैच में किया गया अब तक का सबसे तेज गोल रहा।

**मैक्सिको (एजेंसी)।** फीफा वल्ड कप 2026 की शुरुआत हो चुकी है और इस टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में मेक्सिको ने साउथ अफ्रीका को 2-0 के अंतर से हरा दिया। घरेलू टीम के लिए ये एक बड़ी जीत रही क्योंकि इससे ग्रुप ए के राउंड ऑफ 32 में क्वालिफाई करने की उनकी उम्मीदें बढ़ गई। इस मुकाबले में मेक्सिको का खेल काफी अटैकिंग था वहीं जूलियन क्विनोन्स ने अपनी टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। जूलियन क्विनोन्स ने इस मैच के दौरान एक ऐसा रिकॉर्ड भी बनाया जो 96 साल के फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत के बाद से अब तक कोई खिलाड़ी नहीं बना पाया था। जूलियन क्विनोन्स ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच के 8वें मिनट में मेक्सिको के लिए पहला गोल किया। उन्होंने अफ्रीकी टीम के डिफेंस की एक बड़ी गलती का फायदा उठाया और बॉक्स के ठीक बाहर से एक जबरदस्त शॉट मारकर सीधे गोल किया। ये फीफा वर्ल्ड कप 2026 का पहला गोल था।




### जूलियन ने रचा इतिहास

इस गोल के साथ जूलियन क्विनोन्स फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी सीजन में पहला गोल करने वाले नॉर्थ अमेरिकन देश के पहले खिलाड़ी बन गए। दरअसल मेक्सिको एकमात्र नॉर्थ अमेरिकन देश है जिसने फीफा वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच खेला है। उन्होंने पिछले एडिशन (1930, 1950, 2010) में भी ऐसा किया था लेकिन तीनों मौकों पर वे मैच का पहला गोल करने में कामयाब नहीं हो पाए थे।

**जूलियन ने दागा सबसे तेज गोल-** जूलियन क्विनोन्स ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ गोल करके एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मैच के आठवें मिनट में मेक्सिको के लिए पहला गोल किया। यह फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी ओपनिंग मैच में किया गया अब तक का सबसे तेज गोल रहा। इस मेक्सिकन विंगर ने जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी फिलिप लैम का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2006 फीफा वर्ल्ड कप में बोलीविया के खिलाफ 11वें मिनट में पहला गोल किया था।

जीत के साथ दक्षिण कोरिया का आगाज

## रोमांचक मुकाबले में चेकिया को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत साउथ कोरिया ने जीत के साथ की है। रोमांच के भरपूर मुकाबले में टीम ने चेकिया को 2-1 से हराया। साउथ कोरिया ने मैच के दूसरे हाफ में 1-0 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच के आगाज के साथ ही साउथ कोरिया और चेकिया की टीम को शुरुआत में गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन दोनों ही टीमें इस भुनाने में नाकाम रहीं। मैच के 9वें मिनट में साउथ कोरिया के पास मिली फ्री किक से बढ़त बनाने का शानदार मौका था, लेकिन चेकिया के डिफेंस ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। 11वें मिनट में साउथ कोरिया की टीम कॉर्नर का भी फायदा उठाने में नाकाम रही। पहले हाफ में कोरिया ने चेकिया के डिफेंस पर दबाव तो खूब डाला, लेकिन उनके डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। चेकिया को पहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत से ही चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया और टीम को मैच के 59वें मिनट में सफलता हाथ लगी। लाडिसलाव क्रेजकी ने बेहतरीन हेडर के जरिए शानदार गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।




हालांकि, 0-1 से पिछड़ने के बाद साउथ कोरिया ने मैच में शानदार वापसी की। 67वें मिनट में हांग इन बियोम ने टीम की ओर से पहला गोल दागा और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ओह हियोन ग्यू ने साउथ कोरिया को मुकाबले में लीड दिला दी।

मैच में 2-1 की बढ़त बनाने के बाद साउथ कोरिया ने चेकिया को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया।

## बांग्लादेश ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीती वनडे सीरीज

लगातार दूसरे मैच में विश्व चैंपियन को पीटा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने पिछले कुछ सालों में अपने बढ़ते स्तर को तो साबित किया है, साथ ही दुनिया की हर टीम को मात भी दी है। अब बांग्लादेश ने अपने घर पर लगातार पांचवीं वनडे सीरीज जीतते हुए विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पीटा है। मेजबान बांग्लादेशी टीम ने कंगारुओं को अपनी धरती पर बुरी तरह चित करते हुए लगातार दूसरे वनडे में मात दी और पहली बार उनके खिलाफ वनडे सीरीज जीती है।




बांग्लादेश ने ढाका में ही खेले गए पहले वनडे में ऑस्ट्रेलियाई टीम को डीएलएस प्रणाली से 86 रन से हराया था। अब दूसरे मुकाबले में बांग्लादेशी टीम ने कंगारुओं को 5 विकेट से हराकर सीरीज पर कब्जा जमाया। बांग्लादेश ने अपने घर पर या कहीं भी पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज जीती है। अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप 2027 से पहले इस टीम के लिए विश्व चैंपियन टीम को हराना एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।

### ऑस्ट्रेलिया ने शून्य पर गंवाए पहले तीन विकेट

इस मैच के हीरो रहे मुस्तफिजुर रहमान जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इस मुकाबले में पहले खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम बारिश के प्रभावित मुकाबले में 42 ओवर में 8 विकेट पर 187 रन ही बना सकी थी। 0 पर तीन विकेट गंवाने के बाद मार्नस लाबुशेन ने 55 और जेवियर बार्टलेट ने 52 रन की पारी खेलकर स्कोर 187 तक पहुंचाया था। मुस्तफिजुर ने 27 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि तस्किन अहमद को भी तीन विकेट मिले। जवाब में बांग्लादेश ने 35 ओवर में 5 विकेट खोकर 195 रन बनाए और डीएलएस निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया। सौम्य सरकार 42, नजमुल हसन शांतो 41 और तौहीद हृदोय ने नाबाद 40 रन बनाते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया।

## मनु भाकर करेंगी शूटिंग स्क्वाड की अगुआई

● ट्रायल्स में 7वें स्थान पर रहने के बावजूद मिली एंट्री




**नई दिल्ली।** भारतीय शूटिंग स्टार मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल्स में 7वें स्थान पर रही थीं। इसके बावजूद उन्होंने सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेल 2026 के लिए एंट्री कर ली है। वह 25 मीटर पिस्टल इवेंट में भी भारत का नेतृत्व करेंगी। मनु भाकर की अगुआई वाले शूटिंग स्क्वाड की भी घोषणा कर दी गई है। ईशा सिंह को भी 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल इवेंट में एंट्री मिली है। साथ ही विदरसा के विनोद और रुद्रांक्ष पाटिल ने भी 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर थ्री पोजीशन टीम के लिए जगह बनाई है। एशियाई खेलों की ऑर्गनाइजिंग कमेटी द्वारा अधिकतम 30 प्रतिभागियों (15 महिला और 15 पुरुष) के हिस्सा लेने के ऐलान के बाद दो इवेंट स्पेशिलिस्ट का चयन किया गया है। शॉटगन शूटर्स दो इवेंट में हिस्सा नहीं ले सकते हैं, इसलिए NRAI (नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया) ने राइफल और पिस्टल स्पर्धा में दो-दो इवेंट स्पेशलिस्ट के साथ जाने का फैसला किया है।

**साधारण प्रदर्शन के बावजूद क्यों मिली मनु को एंट्री-** मनु भाकर का प्रदर्शन 10 मीटर के ट्रायल्स में अच्छा नहीं था लेकिन फिर भी ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को अनुभव के नाते स्क्वाड में जगह मिली है। वहीं रुद्रांक्ष को 10 मीटर के अलावा 50 मीटर थ्री पोजिशन टीम में उनके लगातार शानदार प्रदर्शन को देखते हुए जगह दी गई। एशियाई खेलों के लिए स्क्वाड के चयन के बाद एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश सिंह डियो ने कहा, 'भारत में वर्तमान में शूटिंग के एक से बढ़कर एक धाकड़ खिलाड़ियों के होने के कारण, इस टीम का चयन करना एक चैलेंजिंग टास्क था। सेलेक्शन कमेटी ने पूरी जांच और खिलाड़ियों के परीक्षण के बाद ही 36 इवेंट स्लॉट के लिए इन 30 खिलाड़ियों का चयन किया है।

### एशियाई खेलों के लिए भारत का शूटिंग स्क्वाड

**राइफल स्क्वाड**

- **10M एयर राइफल पुरुष:** पार्थ राकेश माने, हिमांशु ढिल्लन, रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल
- **10m एयर राइफल महिला:** एलावेनिल वालारिवन, सोनम उत्तम मस्कर, विदरसा के विनोद
- **50M राइफल थ्री पोजिशन पुरुष:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार, रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल
- **50M राइफल थ्री पोजिशन महिला:** अशी चौकसे, विदरसा के विनोद, तिलोतमा सेन
- **10M एयर राइफल मिक्स्ड टीम:** पार्थ राकेश माने और एलावेनिल वालारिवन

**पिस्टल स्क्वाड**

- **10M एयर पिस्टल पुरुष:** केदारलिंग बी. उचागनवे, गौरव, कमलजीत
- **10M एयर पिस्टल महिला:** सुरुची, ईशा सिंह, मनु भाकर
- **25M रैपिड फायर पिस्टल पुरुष:** अनीष
- **25M स्पोर्ट्स पिस्टल महिला:** ईशा सिंह, मनु भाकर, राही सरनोबत
- **10M एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम:** केदारलिंग बी. उचागनवे और सुरुची

**शॉटगन स्क्वाड**

- **ट्रैप पुरुष:** काइनन चेनई, अहवर रिजवी, शपत भारद्वाज
- **ट्रैप महिला:** नीरू, मनीषा कीर, आशिमा अहलावत
- **स्कीट पुरुष:** अनंतजीत सिंह नरुका, भवतेग सिंह गिल, मैराज अहमद खान
- **स्कीट महिला:** परिनाज धालिवाल, राइजा ढिल्लन, महेश्वरी चौहान




349 रन बनाकर भी कैसे हारी इंडिया ए, यह 15 रन पड़ गए भारी

## तिलक-ऋतुराज-प्रभसिमरन की पारियां बेकार

**नई दिल्ली।** इंडिया ए टीम को वनडे त्रिकोणीय श्रंखला म (11 जून) को अफगानिस्तान ए के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम इस मैच में 349 रन बनाकर भी हार गई। एक तरफ जहां मौसम ने भारत का साथ नहीं दिया और डकवर्थ लुईस प्रणाली से अफगान टीम जीत गई। वहीं इंडिया ए की टीम को 15 रन भी भारी पड़ गए जो आखिरी में हार का बड़ा कारण बने।

आपको बता दें कि बारिश से प्रभावित इस मैच में पहले लक्ष्य को और ओवर को घटाया गया और अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 का टारगेट मिला। फिर बारिश ने बाधा डाली और 25.5 ओवर के बाद खेल रुका जब अफगान टीम के 177 रन दो विकेट पर थे। डीएलएस पार स्कोर से अफगानिस्तान ए की टीम 3 रन से आगे थे। यही कारण है कि



भारतीय टीम को हार मिली। इस पारी में भारतीय गेंदबाजों ने 15 रन एक्स्ट्रा के दिए। यही 15 रन अंत में इंडिया ए को मिली हार के बाद सबसे महंगे साबित हुए। भारतीय गेंदबाजों ने 25.5 ओवर की अफगान पारी में ही 15 अतिरिक्त रन खर्च कर दिए। इसमें 8 वाइड थीं और 7 रन लेग बाय के थे। यह 15 रन अगर बचे होते तो शायद इंडिया ए की टीम डकवर्थ लुईस से भी यह मुकाबला नहीं गंवाती।

**अफगानिस्तान की अच्छी बल्लेबाजी-** अफगानिस्तान की शुरुआत इस मैच में अच्छी रही। हसन ईसाखिल ने तेज बल्लेबाजी की और 29 गेंद पर 34 रन बनाए। उन्होंने शुरू से ही रनरेट बढ़ा कर रखा। दूसरे ओपनर कप्तान इमरान मीर एक छोर पर डटे रहे और 75 रन बनाकर नाबाद रहे। चौथे नंबर पर आए बाहिर शाह ने भी नाबाद 51 रन बनाए।

## विकास गर्ग से जुड़े मामलों की सुनवाई स्थगित, प्रधान जिला न्यायाधीश ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीह हजारी स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) की अदालत ने विकास गर्ग और उनसे संबद्ध कंपनियों से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित करते हुए तीस हजारी स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी-01) की अदालत में लंबित कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने संबंधित



ट्रांसफर याचिकाओं पर अंतिम निर्णय होने तक मामलों में आगे की सुनवाई स्थगित रखने का निर्देश दिया है। विकास गर्ग और उनसे जुड़ी कंपनियों की ओर से दायर ट्रांसफर याचिकाओं में कहा गया था कि जिन परिस्थितियों में विभिन्न कार्यवाहियां ट्रायल कोर्ट में संचालित की जा रही हैं, उनसे निष्पक्ष सुनवाई को लेकर आशंकाएं उत्पन्न हुई हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि मामलों को एक मंच पर स्थानांतरित कर समेकित रूप से सुना जाना न्यायहित में होगा और इससे मामलों के प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण में भी सहायता मिलेगी। याचिकाओं में यह भी उल्लेख किया गया कि विकास गर्ग और संबंधित कंपनियों से जुड़े मामलों को बार-बार एक ही ट्रायल कोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध किया जा रहा है, जिससे उनके मन में निष्पक्षता को लेकर आशंका उत्पन्न हुई है। इसी आधार पर उन्होंने मामलों के स्थानांतरण की मांग की थी। मामले की सुनवाई के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने नोटिस जारी करते हुए ट्रायल कोर्ट का पूरा रिकार्ड तलब किया है।

## राज्यसभा में बढ़ा एनडीए का कुनबां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा चुनाव 2026 में 24 सीटों पर परिणाम सामने आ चुके हैं। इन सभी सीटों पर उम्मीदवारों का चुनाव निर्विरोध हो गया है। खास बात है कि इन विजेताओं में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई बड़े नेताओं का नाम शामिल है। देखें विजेताओं की लिस्ट। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा के अलावा भाजपा नेता सतीश पूनिया और तरुण चुघ सहित 24 उम्मीदवार गुरुवार को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। राज्यसभा की 27 सीटों में से 24 सीटों का फैसला निर्विरोध हो गया। इनमें 19 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, जबकि शेष पांच सीटें कांग्रेस के खाते में गईं। झारखंड की दो सीटों पर, जहां कड़ा मुकाबला होने की संभावना है, तथा मिजोरम की एक सीट पर चुनाव 18 जून को कराया जाएगा। दस राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के चुनाव तथा महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच गुरुवार को की गई। निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए सभी उम्मीदवारों को संबंधित निर्वाचन अधिकारियों ने जीत का प्रमाण-पत्र सौंप दिया। झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा, जहां तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें झामुमो के बैद्यनाथ राम, कांग्रेस के प्रणव झा और निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी शामिल हैं। नाथवानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक हैं और उन्हें भाजपा का समर्थन प्राप्त है। झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन के 56 विधायक हैं और जीत के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को 28 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता होगी। वहीं, भाजपा के पास 21 विधायक हैं। इसके अलावा नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू), लोजपा (रामविलास) और ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन का एक-एक विधायक है। मिजोरम से एकमात्र राज्यसभा सीट के चुनाव के लिए, सत्तारूढ़ जोरम पीपल्स मूवमेंट के प्रवक्ता के लालतलुआंगकिमा और मुख्य विपक्षी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट से ज़ोथानसांगी हमार चुनावी मैदान में हैं।

बेहद गंभीर थी बीमारी

# बिना सर्जरी एम्स ने दिया नया जीवन, 15 साल बाद चैन से सोया मरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सांस फूलने की गंभीर समस्या के कारण लेटने के बजाय बैठकर सोने को मजबूर 57 वर्षीय मरीज का एम्स चिकित्सकों ने बिना ओपन हार्ट सर्जरी के सफल उपचार कर उन्हें नया जीवन दिया है। अब वह लेटकर अच्छी नींद ले पा रहे हैं। एम्स चिकित्सकों के अनुसार, मरीज एओर्टिक वाल्व रोग से पीड़ित था। मरीज के हृदय की पंपिंग क्षमता (खून को पंप करने की क्षमता) मात्र 15 प्रतिशत ही थी, जबकि सामान्य रूप से यह 55 से 70 प्रतिशत के बीच होती है, जबकि वजन 135 किलोग्राम था। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी करना बड़ा जोखिम था। इसलिए एम्स चिकित्सकों ने उपचार के लिए टावी पद्धति का उपयोग किया।

एम्स के प्रोफेसर डा. नितीश नाइक ने बताया कि एम्स की हार्ट टीम ने विस्तृत जांच के बाद उसके लिए ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व इम्प्लांटेशन (टावी) प्रक्रिया का निर्णय लिया। इस तकनीक में छाती




को खोले बिना कैथेटर के माध्यम से खराब हो चुके एओर्टिक वॉल्व को बदला जाता है। यह 29 मिमी के बैलून-एक्सपैंडेबल वॉल्व की मदद से किया जाता है। उपचार करने वाली टीम में उनके साथ लीलावती अस्पताल के आरएचएल हार्ट सेंटर के चेयरमैन और टावी कार्यक्रम प्रमुख डा. रविंदर सिंह राव और एम्स के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. अमिताभ सत्संगी भी शामिल थे।

चिकित्सकों के अनुसार, उपचार के बाद कुछ ही दिनों में मरीज की सांस फूलने की समस्या में काफी सुधार आया और वह पहली बार बिना परेशानी के लेटकर सो सके थे। डा. रविंदर ने बताया कि देश में हृदय और रक्तवाहिका संबंधी बीमारियां हर साल 21 लाख से अधिक लोगों की जान लेती हैं। ऐसे में टावी जैसी आधुनिक तकनीकें जटिल हृदय रोगियों के लिए नई उम्मीद साबित हो रही हैं।

**क्या है टावी पद्धतिः** डॉ. नितीश के अनुसार, टावी ऐसी तकनीक है, जिसमें दिल का खराब हो चुका वाल्व छाती की सर्जरी किए बिना बदला जाता है। चिकित्सक शरीर की एक रक्त नली के रास्ते नया वाल्व दिल तक पहुंचाते हैं और वहीं लगा देते हैं। इससे दिल को खून पंप करने में आसानी होती है और सांस फूलना कम होता है। इस विधि से ऐसे मरीजों का उपचार भी संभव है, जिनके लिए बड़ी सर्जरी बहुत जोखिम भरी होती है।

## मालवीय नगर में पुलिस मुठभेड़ः दो शातिर बदमाश गोली लगने से घायल, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में स्थित अरविंदो कॉलेज के पास देर रात दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और बदमाशों के बीच एक भीषण मुठभेड़ हो गई। इस क्रॉस-फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों के दाएं पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, क्राइम ब्रांच को देर रात एक पुख्ता सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद (लोनी) के रहने वाले दो शातिर बदमाश, जिनकी पहचान गोपाल और सौरभ के रूप में हुई है, मालवीय नगर इलाके में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने अरविंदो कॉलेज के पास जाल बिछाया। जैसे ही दोनों बदमाशों ने खुद को पुलिस से घिरा हुआ पाया, उन्होंने आत्मसमर्पण करने के बजाय भागने की कोशिश की। पुलिस द्वारा रोकने पर बदमाशों ने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई और में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, जो दोनों बदमाशों के दाएं पैर में जा लगीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने पुलिस को देखते ही बचकर भागने का प्रयास किया और गोलियां चलाईं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हुए हैं। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं और एम्स में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बदमाशों के पास से हथियार बरामद किए हैं।

# पाकिस्तान में उठे तूफान ने कैसे बदला दिल्ली का मिजाज, डराएंगी 60 किमी प्रति घंटे वाली हवाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार बृहस्पतिवार को राजधानी में मौसम का मिजाज बदला नजर आया। न्यूनतम तापमान अधिक रहा, जबकि अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिली। सुबह तेज हवाओं के साथ कहीं- कहीं हल्की वर्षा भी हुई तो दिन भर बादलों की लुकाछिपी चलती रही। शाम से तेज हवाओं का दौर फिर आरंभ हो गया था। शुक्रवार के लिए भी कमोबेश ऐसा ही मौसम बने रहने का पूर्वानुमान है।

बृहस्पतिवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 30.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बुधवार को यह 22.9 डिग्री रहा था। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री कम 38.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



हालांकि, 'महसूस किया जाने वाला' तापमान यानी हीट इंडेक्स 44.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। बुधवार को अधिकतम तापमान 42.4 और हीट इंडेक्स 48.4 डिग्री दर्ज हुआ था। हवा में नमी का स्तर 59 से 41 प्रतिशत रहा। सुबह नौ बजे हवा की रफ्तार 37 किमी प्रति घंटे तक रही जबकि शाम को 50 किमी तक दर्ज की गई।

शुक्रवार को कैसा रहेगा हृष्टक्र का मौसम शुक्रवार के लिए भी मौसम विभाग ने दिन भर बादल छाए रहने, गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार तेज हवाएं चलने के साथ वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया है। साथ ही यलो अलर्ट भी दिया है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 और 24 डिग्री के आसपास रह सकता है।

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने बताया कि मौसम में यह बदलाव मध्य पाकिस्तान और आसपास के इलाकों में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से आया है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिन तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहने की उम्मीद है।

## दिल्ली में मानसून से पहले जलभराव की आशंका से आरडब्ल्यूए चिंतित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गर्मी व लू के प्रकोप के बीच बेसब्री से मानसून का इंतजार हो रहा है, लेकिन मानसून के साथ जलभराव व हादसों की आशंका भी आरडब्ल्यूए की चिंता को बढ़ा रही है। वे राज्य सरकार को आगाह करते हुए एकीकृत जल निकासी प्रबंधन पर युद्धस्तर पर कार्य करने की अपील कर रही है। विभिन्न निकायों और सरकार का दावा है कि वर्षा जल निकासी का प्रबंधन बेहतर है पर विभिन्न आरडब्ल्यूए के अनुसार, सरकारी दावे और जमीनी हकीकत में काफी अंतर है। कुछ दिन पूर्व हल्की वर्षा में ही आइटीओ व रिंग रोड समेत दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव हो गया था। ऐसे में पूरी व्यवस्था की रियल टाइम मानिटरिंग हो। यूनाइटेड रेजिडेंट्स आफ दिल्ली (यूआरडी) के महासचिव सौरव गांधी ने कहा कि कालोनियों की सीवरों से लेकर नालों तक की सफाई पूरी नहीं हुई है। कहीं सफाई हुई है तो गाद सड़कों पर रखी है, जो फिर नालों में जा रही है। जरूरी है कि सभी निकायों में तैयारियों व निकासी प्रबंधन में बेहतर तालमेल और अधिकारियों की जवाबदेही तय हो, ताकि लापरवाही की पुरानी कहानी फिर न दोहराई जाएं। हर मानसून राजधानी जलमग्न होती है। ओल्ड राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में पानी भरने से तीन प्रतियोगी छात्रों की मौत हो गई थी। वहीं, करोलबाग में करंट लगने से युवक की मौत, गाजीपुर में मां-बेटे का नाले में डूब जाना, अंडरपास में जलभराव से वाहनों के डूबने जैसी घटनाएं हर मानसून की कहानी है।

## नादिर शाह मर्डर केसः लेडी डॉन जोया खान को पटियाला हाउस कोर्ट से बड़ा झटका, जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के कारोबारी नादिर शाह हत्याकांड में आरोपित गैंग्स्टर हाशिम बाबा की पत्नी और लेडी डान जोया खान को पटियाला हाउस कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया वह हत्या की साजिश, शूटरों की व्यवस्था और हत्या के बाद सुबूत छिपाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ प्रताप सिंह लालेर ने नौ जून को पारित आदेश में कहा कि मामला बेहद गंभीर है। यह एक सुनियोजित हत्या की साजिश थी, जिसके तहत नादिर शाह की सार्वजनिक स्थान पर गोली मारकर हत्या की गई थी। अदालत ने कहा कि जोया खान के खिलाफ मौजूद आरोप केवल सहायक भूमिका तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वह साजिश का सक्रिय हिस्सा दिखाई देती है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपित ने गवाहों को शूटरों के संबंध में निर्देश दिए, हत्या की योजना पर हुई चर्चाओं में भाग लिया और हत्या के बाद मामले को छिपाने के प्रयास किए। इसके अलावा उसके घर से एक हथियार भी बरामद हुआ है, जो उसके खिलाफ आरोपों को और मजबूत करता है। कोर्ट ने यह भी माना कि जोया खान पिछले 15 माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में है, लेकिन हत्या की साजिश और संगठित अपराध से जुड़े इस मामले में केवल हिरासत की अवधि को जमानत का आधार नहीं बनाया जा सकता।

# ईरान ने ट्रंप के दावों का किया खंडनः कहा- समझौते पर अंतिम फैसला नहीं, यूएस को भारतीय नाविकों की मौत पर भी घेरा

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर एक बार फिर बयानबाजी तेज हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच बड़ा समझौता लगभग तैयार है और जल्द ही उस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। लेकिन ईरान ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि किसी भी समझौते पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। इसी बीच ओमान के तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले और उसमें भारतीय नाविकों के प्रभावित होने के मुद्दे पर भी ईरान ने अमेरिका की आलोचना की है। इससे पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और कूटनीतिक गतिविधियों पर नई बहस शुरू हो गई है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के साथ किसी अंतिम समझौते की खबरें केवल अटकल हैं। उनके अनुसार तेहरान ने अभी तक किसी भी समझौते पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। बघाई ने कहा कि बातचीत की स्थिति शुरू से स्पष्ट थी और समझौते के मसौदे का बड़ा हिस्सा तैयार भी हो चुका था, लेकिन अमेरिकी पक्ष लगातार अपने रुख में बदलाव करता रहा। उन्होंने कहा कि ईरान ने हमेशा अपनी तय लाल रेखाओं और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करने की नीति अपनाई है। साथ ही उन्होंने बताया कि कतर और पाकिस्तान मध्यस्थ के रूप में सक्रिय हैं, लेकिन अमेरिकी कदम




कूटनीतिक प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ ऐसा समझौता तैयार किया गया है जो दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव को समाप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और अगले कुछ दिनों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ट्रंप के मुताबिक समझौते का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि ईरान भविष्य में कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य आधिकारिक रूप से फिर से पूरी तरह खुल जाएगा, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति और व्यापार को राहत मिलेगी। हालांकि ईरान के ताजा बयान ने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।भारत के विदेश मंत्रालय ने ओमान तट के पास हुए जहाज पर हमले की निंदा की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान की चिंता क्यों बढ़ी?

इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाइयों के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पहले की तुलना में कम सुरक्षित हो गया है। होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ईरान का मानना है कि क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव और टकराव से समुद्री सुरक्षा प्रभावित हुई है। बघाई ने चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो इसका असर केवल क्षेत्रीय देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया के ऊर्जा बाजार और व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ सकता है। ओमान तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले को लेकर ईरान ने अमेरिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस्माइल बघाई ने कहा कि इस हमले में कम से कम तीन भारतीय नागरिक प्रभावित हुए हैं और यह घटना अमेरिका की कथित आक्रामक नीतियों का उदाहरण है। परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका को जवाबदेह ठहराने की मांग की।

एक बार फिर पाकिस्तानी सेना का कहर झेलना पड़ा

# पीओके में पाकिस्तानी सैनिकों ने फिर बरपाया कहर, फायरिंग में 16 की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सस्ता आटा-चावल, किफायती बिजली और बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे आम लोगों को एक बार फिर पाकिस्तानी सेना का कहर झेलना पड़ा। रावलकोट के ईदगाह मैदान में गुरुवार को उस समय भयानक मंजर नजर आया जब सैनिकों ने बिना चेतावनी गोलियां बरसानी शुरू कर दीं, जिसमें कम से कम 16 निहत्थे प्रदर्शनकारी मारे गए और 37 अन्य घायल हो गए।

रावलकोट में आर्थिक तंगी से जूझ रहे करीब 60 से 70 हजार लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें पुरुष, महिलाएं और युवा सभी शामिल हैं। ईदगाह मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स की गोलियों की बरसात से अचानक हर तरफ भगदड़ मच गई। थोड़ी ही देर में पूरे इलाके में मंजर एकदम दिल दहला देने वाला था। खून से सनी सड़कों और खेतों में अपनों को ढूंढ़ते दुखी परिवार हक की आवाज उठाने की मानवीय कीमत चुकाने की निशानी बन गए हैं।

आर-पार के मूड में जनता गोलीबारी के बाद भीड़ को



पीओके में शुक्रवार से जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान इस तरह की दमनकारी कार्रवाई में अब तक 53 लोगों की जान जा चुकी है। पाकिस्तानी सेना यहां जितनी दमनकारी कार्रवाई कर रही है, सड़कों पर उतरे लोगों का हौसला उससे कहीं ज्यादा बुलंद है। इस खूनी कहर के बावजूद सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी अब भी अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।


संबोधित करते हुए आंदोलन के नेता सरदार अमन खान ने कहा कि संघर्ष अब एक निर्णायक दौर में पहुंच गया है और संकल्प लिया कि जान-माल के नुकसान के बावजूद यह आंदोलन जारी रहेगा। सड़कों पर मौजूद लोग कोई हथियार नहीं लिए हैं। वे बस सस्ते भोजन, सस्ती बिजली और सम्मानजनक जीवन की मांग कर रहे हैं। फिर भी, उन्हें जवाब में गोलियां मिली हैं।

# हमें खेल मत सिखाइएः रूसी तेल पर घेरने वालों को जयशंकर का जवाब

**हेलसिंकी, एजेंसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फिनलैंड में आयोजित कुल्तारांता वार्ता में रूस से तेल खरीदने को लेकर पश्चिमी देशों की आलोचना का कड़ा जवाब दिया है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साफ कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेता है। जयशंकर ने यह भी संकेत दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप और अमेरिका की नीतियों में कई विरोधाभास रहे हैं, इसलिए भारत को नैतिकता का पाठ पढ़ाने की कोशिश उचित नहीं है। उनके बयान को भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और ऊर्जा रणनीति के मजबूत बचाव के रूप में देखा जा रहा है।

फिनलैंड में 'उभरती शक्तियां और नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा' विषय पर चर्चा के दौरान एक पत्रकार ने भारत पर रूस के प्रति नरम रुख अपनाने और रूस से तेल खरीदने का आरोप लगाया। इसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा लागत और उपलब्धता के आधार पर तेल खरीदा है। उन्होंने बताया कि उस समय यूरोपीय देश मध्य-पूर्व से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहे थे, जो भारत का पारंपरिक आपूर्तिकर्ता रहा है। ऐसे में बाजार की परिस्थितियों ने भारत को रूस से तेल खरीदने की दिशा में आगे बढ़ाया।

जयशंकर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान वैश्विक ऊर्जा बाजार में बड़ा बदलाव आया था। यूरोपीय देशों द्वारा मध्य-पूर्व के तेल पर अधिक निर्भरता बढ़ाने के कारण भारत के सामने वैकल्पिक स्रोत तलाशने की आवश्यकता पैदा हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने कोई राजनीतिक संदेश देने के लिए नहीं, बल्कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से तेल खरीदा। उनके



अनुसार किसी भी सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा करना होती है।

विदेश मंत्री ने यूरोप की नीतियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी यूरोपीय देश पर भारतीय हथियारों से हमला नहीं हुआ है, लेकिन भारत ने वर्षों से ऐसे हालात देखे हैं जहां यूरोपीय देशों के हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए गए। जयशंकर ने कहा कि भारत ने कभी यूरोप की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाला, इसलिए भारत की चिंताओं को भी समान गंभीरता से समझा जाना चाहिए। उनका यह बयान पश्चिमी देशों की सुरक्षा और नैतिकता संबंधी दलीलों पर सीधा जवाब माना जा रहा है।

जयशंकर ने कहा कि वर्ष 2022 में खुद अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार स्थिर रह सके और तेल की कीमतें नियंत्रण में रहें। उन्होंने कहा कि एक समय रूसी तेल खरीदने पर दबाव बनाया जाता है और दूसरे समय उसी नीति में बदलाव कर दिया जाता है। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देश समझते हैं कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति कैसे काम करती है और इसे केवल सिद्धांतों या नैतिकता का प्रश्न बताना सही नहीं होगा। उनके इस बयान को अमेरिका और पश्चिमी देशों की बदलती नीतियों पर तीखा कटाक्ष माना जा रहा है। जयशंकर ने कहा कि मौजूदा वैश्विक संघर्षों से लागत बढ़ रही है और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संघर्षों के प्रभाव को कम करने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। कूटनीति के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना समय की जरूरत है।

दुनिया को वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए मिलकर काम करना होगा।

सुरक्षित, मजबूत और विविधीकृत सप्लाई चेन को भविष्य की आर्थिक जरूरत बताया।

## ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत, अमेरिकी अदालत ने 10 फीसदी वैश्विक टैरिफ वसूली जारी रखने की दी अनुमति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के बीच ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत मिली है। वॉशिंगटन स्थित संघीय अपील अदालत ने फैसला दिया है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक अमेरिकी सरकार दुनिया भर से आने वाले सामान पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ की वसूली जारी रख सकती है। अदालत के इस फैसले को ट्रंप प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे सरकार को फिलहाल अपनी व्यापार नीति लागू रखने का रास्ता मिल गया है। पिछले महीने न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने छोटे कारोबारियों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए इन टैरिफ को अवैध करार दिया था। अदालत की बहुमत पीठ ने माना था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों की सीमा से आगे बढ़कर यह कदम उठाया है। अदालत ने कहा था कि टैरिफ लगाने का यह फैसला कानून द्वारा अधिकृत नहीं था। अपील अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ट्रंप प्रशासन की दलीलें पहली नजर में मजबूत दिखाई देती हैं और सरकार का पक्ष अंतिम सुनवाई में सफल हो सकता है। इसी आधार पर अदालत ने अंतिम निर्णय आने तक टैरिफ वसूली जारी रखने की अनुमति दे दी। अमेरिका का व्यापार घाटा अंतरराष्ट्रीय भुगतान संबंधी गंभीर समस्या की श्रेणी में आता है या नहीं।

# लोक संवाद में सुनी गई जन समस्याएं, 30 मामलों पर हुई सुनवाई

## उपायुक्त ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई एवं समयबद्ध निष्पादन का दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त 30 आवेदनों पर विस्तार से विचार करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया।



### बिजली, आपूर्ति, भू-अर्जन एवं अन्य मामलों पर हुई सुनवाई

सुनवाई के दौरान बिजली, आपूर्ति, भू-अर्जन, ग्रामीण विकास, कल्याण तथा विभिन्न अंचल कार्यालयों से जुड़े मामलों को प्रमुखता से लिया गया। उपायुक्त (डीसी) ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।

### जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करते हैं तथा शासन-प्रशासन के प्रति लोगों के विश्वास को बढ़ाते हैं।

### प्रखंड एवं अंचल स्तर पर भी आयोजित हुआ लोक संवाद

जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सुनवाई की गई। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत हेमलता बून, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसआईआर अभियान के तहत 13 एवं 14 जून को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 13 जून (शनिवार) एवं 14 जून (रविवार) को विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं की मैपिंग का कार्य करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने जिले के अनमैप्ड मतदाताओं से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम मतदान केंद्र पहुंचकर मैपिंग की प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, रांची - झारखंड के निदेर्शानुसार सभी बीएलओ को उनके संबंधित मतदान केंद्रों की अनमैप्ड मतदाताओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है। यह सूची विशेष कैंप के दौरान संबंधित मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी। मतदाता सूची में जिन मतदाताओं की मैपिंग अभी तक नहीं हो सकी है, वे अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर सूची में अपना नाम जांच सकते हैं तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर अपनी मैपिंग सुनिश्चित कर सकते हैं। ताकि, एसआईआर के समय किसी तरह की कोई परेशानी हो। डीईओ सह डीसी ने कहा कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना है। इसके लिए मतदाताओं के विवरण का सत्यापन एवं मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी अनमैप्ड मतदाताओं से विशेष रूप से अपील की कि वे 13 एवं 14 जून को आयोजित विशेष कैंप का लाभ उठाएं और अपनी मैपिंग अवश्य कराएं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करने तथा अधिक से अधिक संख्या में विशेष कैंप में भाग लेने की अपील की है।




## संक्षिप्त समाचार

### एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार आज समाहरणालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने आमजनों की समस्या सुनी। जनता दरबार में कतरास, राजगंज, बलियापुर, कुसुंडा, गोविंदपुर, कलियासोल, झरिया, सिंदरी, तोपचांची, महुदा, धैया, टुंडी, बाघमारा, बरवाअड्डा समेत जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के साथ पहुंचे। जनता दरबार में फर्जी तरीके से दाखिल-खारिज करने, जबरन चहारदीवारी निर्माण, पति द्वारा भरण-पोषण नहीं दिए जाने, खाता एवं प्लॉट से संबंधित त्रुटियों के संशोधन, विस्थापन, जबरन भूमि पर कब्जा, विद्यालय द्वारा अधिक शुल्क लेने, नियोजन, पेंशन, अवैध अतिक्रमण, म्यूटेशन सहित विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।




### बालश्रम रोकथाम जागरूकता अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को आशा किरण युवा संस्थान धनबाद के द्वारा बलियापुर थाना के बेलगड़िया टी. ओ. पी.में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर बालश्रम रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य रूप से बेलगढ़िया टी. ओ. पी.के प्रभारी, पदाधिकारी,और आशा किरण युवा संस्थान की सचिव मालती तांती पलानी पंचायत की पूर्व उप मुखिया सीम देवी , व ब्राइटर स्टेप फाउंडेशन की सचिव मीनाक्षी सिंह ,अध्यक्ष सुचेता ,सदस्य अपर्णा एवं आंगनबाड़ी की सेविका दीदियों ने,सहिया,दीदियों, ने तथा पोषण सखी एवम् बेल गाड़िया के ग्राम बाल संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ मिलकर शपथ ग्रहण किया गया सभी के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि हम सभी लोग मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए बाल अधिकार से वंचित होने नहीं देंगे अपितु उन्हें बाल अधिकार को सुनिश्चित करने में निस्वार्थ भाव से यथा संभव प्रयास करेंगे।



### मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 जून को

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आगामी 14 जून रविवार को संध्या 05 बजे से राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनसार, धनबाद में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।




इसी आयोजन के संदर्भ में शुक्रवार को अग्रसेन भवन हीरापुर में आयोजित कांफ्रेंस में धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने बताया की इस गरिमामयी अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों शैक्षणिक, खेल, कला, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं एवं युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।प्रेस वार्ता में चेतन गोयनका अध्यक्ष धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन,कृष्णा अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष,दीपक रुईया संयोजक समेत धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर 'सहयोगिनी' ने चलाया जागरूकता अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे संगठन सहयोगिनी ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर प्रशासन के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया। सहयोगिनी कार्यालय बहादुरपुर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि बोकारो जिले को बोल मजदूरी से भी मुक्त करने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रशासन का भी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से जून को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई माह या ह्यएक्शन मंथह्व के रूप में मनाने के बाबत जारी अधिसूचना व निर्देशों के तहत की गई। इन निर्देशों में बाल मजदूरी की शिकायत वाले इलाकों में छानबीन करने व बच्चों को मुक्त कराने के लिए साझा अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के अफसरों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सहयोगिनी बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। इस दौरान बोकारो रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कंचन रजवार, उतम कुमार राम, , सुदीप रजवार , राजा कुमार राजेश कुमार ,मीणा भागवती ने सक्रिय भूमिका निभाई। सहयोगिनी के रवि कुमार राय ने बताया कि जून महीने को बाल श्रम के खिलाफ 'एक्शन मंथ' के तौर पर मनाया जाता है और चूंकि बाल दुव्यार्पार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल मजदूरी का मुख्य कारण है, इसलिए नागरिक समाज संगठन इस दौरान पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकर दुव्यार्पारियों और उनके गठजोड़ की शिनाख्त के लिए कड़ी नजर रखते हैं। इस मौके पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा, शोषण व मजदूरी से मुक्त कराए गए हर बच्चे के शिक्षा के अधिकार, सुरक्षा व गरिमा की आज एक बार फिर बहाली हुई है। बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से महरूम कर देता है, लिहाजा इस समस्या से तत्काल निपटने की जरूरत है। बच्चों की जगह ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं बल्कि स्कूल में है। चूंकि ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी आपसे में गहरे तक जुड़े हैं, हम ट्रैफिकिंग की रोकथाम, बच्चों को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन प्रशासन व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय के साथ काम करते रहेंगे। साथ ही, हम सुनिश्चित करेंगे कि हर बच्चे की देखभाल हो, समुचित पुनर्वास हो और उसे वो सभी सुविधाएं मिलें जिसका वह हकदार है। इस कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी के रवि कुमार राय ,अनिल कुमार हेंब्रम ,सोनी कुमारी ,सूर्यमणि देवी, मंजू देवी, विकास कुमार गोस्वामी, प्रकाश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।




# योजनाओं के लिए तैयार करें लैंड बैंक, अधिकारियों को डीसी का निर्देश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के पुटकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित गभुर्डीह सभागार में शुक्रवार को जिला प्रशासन की अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, डीडीसी सन्नी राज, पुटकी सीओ विकास आनंद समेत कई वरीय अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि धनबाद प्रखंड, धनबाद अंचल और पुटकी अंचल के कार्यों की समीक्षा की गई है। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि राज्य और केंद्र सरकार की किसी भी नई योजना के लिए जमीन उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पेयजल समस्या के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। जिन इलाकों में पानी की अधिक समस्या है, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों के दौरान जिले में तीन हजार से अधिक चापाकल, जलमीनार और सोलर जलमीनार से जुड़े कार्य पूरे किए गए हैं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि गभुर्डीह क्षेत्र में पेयजल संकट की समस्या प्रशासन के संज्ञान में है और इसके समाधान के लिए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले में विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है। पुटकी में आयोजित इस समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति, भूमि उपलब्धता और पेयजल व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए हैं।



# गंदगी को लेकर निगम के फूड ऑफिसर ने चारकोल रेस्टोरेंट पर 10 हजार का लगाया जुर्माना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम को प्राप्त शिकायत के बाद फूड ऑफिसर द्वारा अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर वैभव होटल के समीप स्थित 'दा चारकोल' रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। रसोईघर में पुराना सना हुआ आटा रखा हुआ मिला तथा चिकन भी तीन से चार दिन पुराना पाया गया। इसके अलावा बेसिन, चूल्हा और डस्टबिन की स्थिति बेहद गंदी थी। पूरे परिसर से दुर्गंध आ रही थी, जिससे खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। निरीक्षण के दौरान फूड इंस्पेक्टर ने रेस्टोरेंट संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए ₹10,000 का जुमार्ना लगाया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि साफ-सफाई के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा, क्योंकि आम लोग रेस्टोरेंट में परोसे जाने वाले भोजन का सेवन करते हैं और ऐसी लापरवाही से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। नगर निगम ने रेस्टोरेंट प्रबंधन को तत्काल स्वच्छता व्यवस्था में सुधार करने तथा भविष्य में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। स्थानीय लोगों ने भी इस प्रकार की गंदगी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित निरीक्षण की मांग की है।




# कृषि विज्ञान केंद्र में भाजपा किसान मोर्चा ने किया कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के दिशा निर्देश में मोर्चा द्वारा राज्य के प्रत्येक जिले में प्राकृतिक खेती एवं मोटे अनाज पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बोकारो जिला के कृषि विज्ञान केंद्र, पेटरवार में किसानों के बीच मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर महथा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, बोकारो जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत उपाध्याय , कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक रंजय कुमार सिंह ,पशुधन वैज्ञानिक डॉक्टर सुषमा बाखला ,एवं डॉक्टर एसपी सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को बताया गया कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती अपनाते हुए खेत को बचाना है। आज के दौर में किसान अधिक उपज प्राप्त करने के लिए खेत में आवश्यकता से अधिक यूड़िया, सल्फेट, फास्फेट,कीटनाशक दवा का प्रयोग कर रहे हैं, जिसके कारण खेत का उर्वरा शक्ति धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। उपज भी कम होने लगा है। अब प्राकृतिक खेती के ऊपर अधिक बल देना चाहिए। साथ ही साथ मोटे अनाज की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा,मरुआ, समा, कोदो, कंगनी, कुटकी, चीना जैसे फसलों को अधिक से अधिक उत्पादन पर बल देने का किसानों से आग्रह किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय सिन्हा, अनिल स्वर्णकार, अरविंद राय, यदुनंदन जायसवाल, शंकर रजक, त्रिपुरारी नाथ तिवारी, सतीश राय, संटू राय,अनिल महतो, छोगा लाल सिंह, झारखंड महथा, मुकेश ओझा, जय नारायण मरांडी, सुमन सिंह, मेघन महतो सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।



# सहयोगिनी में 'उद्यम कैंप' का आयोजन, ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उद्योग निदेशालय, झारखंड सरकार के निर्देश पर आज सहयोगिनी कार्यालय बहादुरपुर में 'प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना' के तहत एक दिवसीय 'उद्यम कैंप' का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देना और स्थानीय युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स, जैनामोड़ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में विभिन्न प्रकार के उत्पादों से जुड़े उद्योग स्थापित कर रोजगार के नए अ वसर पैदा करने के लिए यह सरकार की एक अत्यंत सराहनीय और बेहतरीन योजना है। स्थानीय स्तर पर उद्योगों के लगने से पलायन थमेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक विकास प्रकाश ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद ने योजना की तकनीकी बारीकियों और इसकी विस्तृत रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा असंगठित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना है। यह 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' का एक अहम हिस्सा है। इसके तहत छोटे उद्यमियों, किसानों और स्वयं सहायता समूहों को नया व्यापार शुरू करने या पुराने व्यवसाय को अपग्रेड करने के लिए भारी सब्सिडी और वित्तीय ऋण की सुविधा दी जा रही है। असंगठित इकाइयों को तकनीकी और वित्तीय सहायता देकर उन्हें संगठित क्षेत्र में लाना कार्यक्रम का मख्य उद्देश्य है। व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों को प्रोजेक्ट की कुल पात्र लागत का 35% (अधिकतम ₹10 लाख प्रति यूनिट) पूंजी अनुदान के रूप में मिलेगा। आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं पास होनी चाहिए। योजना से नए और पहले से फूड प्रोसेसिंग व्यवसाय से जुड़े लोग जुड़ सकते हैं। इस कार्यक्रम में जिला उद्यमी समन्वयक किशोर रजक, नावाडीह ब्लॉक के प्रखंड उद्यमी समन्वयक मोहन प्रसाद, संजय कुमार दास, नरेंद्र शेखर, राजेश कुमार बहादुर, सुभाष चंद्र सिंह, अबुतलहा कमर , सहयोगिनी के गौतम सागर, कुमारी किरण, रवि कुमार राय, अभय सिंह, सूर्यमणि देवी, प्रकाश महतो , सोनी कुमारी, पुष्पा देवी, मंजू देवी, अनिल हेंब्रम, संगीता देवी, रेखा देवी, दशमी देवी, विनीता देवी, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और भावी उद्यमी उपस्थित थे।




# ड्रंक एंड ड्राइव और शराब पीकर अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के सेक्टर-6 थाना क्षेत्र के हटिया मोड़ स्थित शराब दुकान के पास शराब पीकर अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर सेक्टर-6 थाना प्रभारी संगीता कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाया और ड्रंक एंड ड्राइव जांच की। जांच के दौरान शराब दुकान के आसपास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहे कई लोगों को पकड़ा गया। पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से उनकी जांच की। वहीं पुलिस को देखते ही कई लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेक्टर-5 हटिया मोड़ स्थित शराब दुकान के आसपास प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मोटरसाइकिल और चारपहिया वाहनों के साथ जुटते हैं और शराब पीकर अड्डेबाजी करते हैं। इससे अक्सर हुड़दंग और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच अभियान शुरू किया। पुलिस ने न केवल लोगों की जांच की बल्कि आसपास खड़े वाहनों की भी जांच शुरू कर दी। सेक्टर-6 थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने बताया कि बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया गया है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com